## एक नजर

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई 12 फरवरी।** जामुल के रहने वाले एक युवक को चार लोगों ने बड़े-बड़े पुलिस अधिकारियों से पहचान का झांसा देकर चार लाख 46 हजार रुपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 420,34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि समता चौक वार्ड 23 जामुल निवासी रमेश चौहान (25 वर्ष) बीईसी कंपनी में मजदूरी का काम करता है। वर्ष 2018 में जिला पुलिस बल की भर्ती निकली थी तो प्रार्थी ने फार्म भरा था, जिसका शारीरिक परीक्षण वर्ष 2021 में होने पर शारीरिक दक्षता और टेस्ट परीक्षा दिया था पुलिस भर्ती कराने के लिए शशिकांत दुबे आजाद मार्केट रिसाली व अवधेश यादव ने कंफर्म लगाने के लिए बात कर अपने जान पहचान वाले गौरव वैष्णव व विष्णु सोरेन ( कथित सीएसपी पीएचक्यू रायपुर) ने झांसा देकर 4 लाख 46 हजार रुपए की धोखाधड़ी की है रिपोर्ट पर पुलिस चारों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### युवक ने फांसी लगा, सुसाइड नोट में माता -पिता से मांगी माफी

**भिलाई 12 फरवरी।** उतई थाना क्षेत्र ग्राम डूमरडीह निवासी एक युवक ने रविवार को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है जिसमें उसने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखते हुए अपने माता-पिता से माफी मांगी है साथ ही पुलिस से ये निवेदन किया है कि उसकी मौत के बाद उसके माता-पिता को परेशान न किया जाए पुलिस ने बताया कि ग्राम डूमरडीह निवासी सेतुराम साहू के बेटे डुमेश साहू (25) ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की है शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया है परिवार वालों से पूछताछ के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी ।

### किसी ने सिलेंडर लिया तो किसी ने आवास के लिए भरा आवेदन



**रिसाली 12 फरवरी।** पॉश कॉलोनी समेत श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में लगे शिविर में महिला हितग्राहियों की संख्या अधिक थी। आमतौर पर महतारी योजना के तहत एक हजार , आवास और राशन कार्ड व सिलेंडर के लिए आवेदन जमा करने वालों की संख्या अधिक रही। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 8 हजार से अधिक लोग पहुंचे और योजना का लाभ लेने जानकारी ली। आवेदन भी प्रस्तुत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के द्वितीय चरण में नगर पालिक निगम रिसाली के रूआबांधा और हिंद नगर तालाब के सामने शिविर लगाया गया। शिविर स्थल पर वार्ड पार्षद और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पहले केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला और भारत को विकसित बनाने संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर शिविर स्थल पर पहुंचे हितग्राहियों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रकाशित कैलेण्डर भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर पार्षद टिकम साहू, सारिका साहू, ममता यादव, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, राजू जंघेल, दशरथ साहू व निगम के अधिकारी मौजूद थे। केन्द्र सरकार की योजनाओं का बेहतर प्रचार प्रसार करने और क्रियान्वयन करने वाली सीआरपी योजना के तहत बेहतर कार्य करने वाली महिला स्व सहायता समूह की सद्स्यों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले समूह में ख्याती स्व सहायता समूह, तेजल स्व सहायता समूह, कुमकुम स्व सहायता समूह, श्री स्व सहायता समूह, शिव शक्ति समूह, एएलएफ एकता क्षेत्रीय स्तरीय संघ, राष्ट्रीय क्षेत्रीय स्तरीय संघ, सीआरपी ललिता सिंह, बसंती साहू, रेवती तांडी, अर्पणा देशमुख, हेमीन डौंडे, रंभा पटेल, पूनम बाघ, चंद्रकांती, हेमतला सिंह, पिंकी सिंह, प्रीति साहू, निका पांडे, मिथलेश खरे, इन्द्रकला गायकवाड़ शामिल है। शिविर में उज्जवला योजना के तहत स्वाती साहू, समिष्ठा प्रधान, इन्द्रानी बाई, आरती, सुमनराज, पुष्पराज, प्रमिला देशमुख, नेहा, संगीता व सुमित्रा यादव को सिलेण्डर प्रदान किया गया।

### यातायात व पुलिस विभाग का हेलमेट जागरूकता अभियान पर विशेष फोकस



**कवर्धा 12 फरवरी।** कवर्धा के सिग्नल चौक में यातायात पुलिस विभाग द्वारा हेलमेट जागरूकता अभियान किया जा रहा है । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर जिला कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव. अति पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी उनि.अजयकांत तिवारी एवं उनके यातायात स्टाफ द्वारा सिग्नल चौक में चारों चौराहे पर *हेलमेट सेल्फी जोन* लगाया गया है साथ में सभी बाइक वाले को जो बिना हेलमेट के थे उनका नाम नंबर नोट करके उसको बताया गया एवं रजिस्टर पर उसका हस्ताक्षर भी लिया गया है कि मैं अगली बार से हेलमेट पहन कर ही बाइक चलाऊंगा साथ में उनको हेलमेट सेल्फी जोन में ले जाकर सेल्फी लिया गया उनको समझाइए दिया जा रहा है अगली बार से हेलमेट लगाएंगे अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी जिससे लोगों को जागरुक करने के लिए कबीरधाम यातायात पुलिस यह सड़क दुर्घटना से बचने के लिए यह नई पहल की शुरुआत की गई हैं जिससे लोगों में ट्रैफिक नियम व हेलमेट के प्रति लोगों में जागरूकता फैले यातायात पुलिस द्वारा लगातार समझाइए दिया जा रहा है ।

# प्रदेश में महतारी वंदन योजना शुरू होने से माताएं बहुत खुश हैं: विजय शर्मा

**छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनता से किए सभी वायदों, मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा विधानसभा प्रवास के दौरान सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के ग्राम खजरीकला, ग्राम बांमी, बसिंझोरी और लखनपुर में आयोजित मेला मड़ई कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम खजरीकला में पंचायत भवन में निर्माण कार्य के लिए 7 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्राम बांमी में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए, आश्रित ग्राम में बनखैरा में मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, लखनपुर में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने ग्राम बसिनझोरी में ग्रामीणों की सभी मागों को प्राथमिकता क्रम में पूरा कराने का आवश्वासन दिया।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनता से किए सभी वायदों, मोदी की गारंटी को पूरा किया जा है। प्रदेश में श्री विष्णुदेव की सरकार बनते हुए प्रदेश में 18 लाख परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान का वादा पूरा करते हुए स्वीकृति दी। छत्तीसगढ़ में महिलाओं और माताओ से हमने वादा किया था कि प्रदेश में नई सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ महतारी वंदन योजना शुरू की जाएगी। श्री साय सरकार ने उस गारंटी को पूरा किया। प्रदेश में महतारी वंदन योजना शुरू हो गई है। योजना शुरू होने से प्रदेश की माताएं बहुत खुश है। अब जल्द ही महतारी वंदन योजना के तहत हर माह पात्र हितग्राहियों को एक हजार रुपये मिलना शुरू हो जाएगा। राज्य के बजट में इसके लिए प्रावधान किया है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की महिलाएं, माताएं, शक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है। महिला सशक्तिकरण की दिशा को आगे बढाते हुए प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में सिर्फ महिलाओ-माताओ के लिए महतारी सदन बनाया जाएगा। प्रदेश में विष्णुदेव की सरकार इस दिशा में जल्द की फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश के युवाओ से वादा किया था कि राज्य प्रशासनिक सेवा भर्ती परीक्षा में हुई गड़बड़ी का जांच कराई जाएगी। हमारी सरकार ने इस दिशा में उच्चस्तरीय जांच का फैसला ले लिया है। जल्द ही युवाओ को न्याय और परीक्षा में गड़बड़ी करने वालो पर कार्यवाही करेगी।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि देश मे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राम राज्य की परिकल्पना साकार हो रही है। अयोध्य्या में प्रभु राम मंदिर का निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा इसका जीवन्त उदाहरण है। उन्होंने प्रभु श्री राम जी को उनकके मंदिर में आने में पांच सौ साल लग गए। प्रभु श्री राम जी अब अपने मंदिर अर्थात अपने घर में लौट आये है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी लोगो को प्रभु राम लला का निःशुल्क में दर्शन कराने का निर्णय लिया है, इसके लिए राज्य सरकार ने अपने बजट में भी प्रवधान रखा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मोदी की गारंटी की पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों से किए वायदों को भी पूरा किया जा रहा है। राज्य सरकार ने अपने वादों के पूरा करते हुए किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये की एकमुश्त राशि का भुगतान का फैसला किया है। किसानों को उनके एक मुश्त राशि देने के लिए भी राज्य के बजट में राशि का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि किसानों से राज्य सरकार प्रति एकड 21 क्विंटल धान की खरीदी की है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मड़ाई मेले में शामिल होते हुए ग्रामीणों को मड़ाई मेले की बधाई भी दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू, जिला उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवशी, संतोष मिश्रा, रामचरण साहू सहित ग्राम पंच, सरपंच, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# जनसेवा ही भावना केंद्र जनता और हमारे बीच सीधे संवाद करने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है:भावना बोहरा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 12 फरवरी।** विधानसभा चुनाव में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपने घोषणा पत्र भावना दीदी की गारंटी में क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए विधायक कार्यालय जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की शुरुआत करने की घोषणा की थी। जनता से अपने वादे को पूरा करते हुए भावना बोहरा ने पूर्व में कुकदुर क्षेत्र में केंद्र का शुभारंभ किया इसी कड़ी में आज पंडरिया व पांडातराई में भी इस केंद्र का शुभारंभ किया।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों की सेवा, सुविधा एवं आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु मैनें जो संकल्प किए हैं उसे पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रतिबद्ध हूँ। इसी कड़ी में पंडरिया व पांडातराई में ÷जनसेवा ही भावना,सेवा सुविधा केंद्र÷ का उद्घाटन होने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। जन समस्याओं के त्वरित निवारण और आपके सुझाव तथा शासकीय कार्यों से संबंधित सभी समाधान इस केंद्र के माध्यम से किये जायेंगे। आमजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस केंद्र की शुरुआत की गई है, ताकि आपको अपनी समस्याओं, क्षेत्र के विकास से जुड़े विषय और किसी भी कार्य के लिए एक ही स्थान पर हर समाधान मिल सके यही हमारा लक्ष्य और प्रयास है।

उन्होंने बताया कि अभी कुल 3 स्थानों कुकदुर, पंडरिया और पांडातराई में इस केंद्र की शुरुआत की जा चुकी है और जल्द ही अन्य 4 स्थानों में भी इस केंद्र की स्थापना की जाएगी, जिससे पूरे विधानसभा के परिवारों को सुविधा होगी। जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही हमारी प्राथमिकता है। यह कार्यालय जनता और हमारे बीच सीधे संवाद करने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यहां आकर क्षेत्रवासी किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान या प्रशासन से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन जमा करा सकेंगे। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की उन्नति के संकल्प के साथ जनसेवा की भावना से हमारे ये प्रयास जारी रहेंगे। क्षेत्रवासियों से चर्चा व मुलाकात के दौरान उन्हें अपनी मूलभूत समस्यों के निराकरण तथा शासकीय योजनाओं से लेकर क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों के लिए जिला मुख्यालय आना-जाना पड़ता था। लेकिन अब इस केंद्र की स्थापना होने से उन्हें उनके घर के समीप ही इन समस्याओं के संबंध में समाधान उपलब्ध होंगे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण



**कवर्धा 12 फरवरी।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने रविवार को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्राध्यक्ष को शांति एवं पारदर्शी पूर्ण तरीके से परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परीक्षा कार्य में लगे अन्य शिक्षकों को परीक्षा सम्पन्न होने के बाद ओ एम आर शीट की पैकिंग ठीक से करने के निर्देश दिए इसके साथ ही परीक्षा कक्ष में पर्यवेक्षकों को मोबाइल रखने की मनाही का कड़ाई से पालन करने के भी निर्देश दिए. दो पाली में आयोजित परीक्षा के प्रथम पाली में 2823 अभ्यर्थी, दूसरी पाली मे 2776 अभ्यर्थी शामिल हुए. निरीक्षण के दोरान अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री इंद्रजीत बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी श्री एमके गुप्ता उपस्थित थे। परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन ने बताया कि परीक्षा के लिए 09 केंद्र बनाए गए थे. परीक्षा में शामिल होने के लिए 3733 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था प्रथम पाली प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित हुई जिसमें 2823 उपस्थित रहे और 910 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली 03 बजे से 05 बजे तक आयोजित हुई जिसमें 2776 उपस्थित रहे और 957 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

### हथियार लेकर लहराते राहगीरों व दुकानदारों को डराने धमकाने वाले सिरफिरे गिरफ्तार

**कवर्धा 12 फरवरी।** कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक पल्लव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री संजय ध्रुव के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र के असामाजिक तत्वों और शराब बिक्री करने वाले कोचियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक- 11/02/2024 को जरिये मोबाइल फोन से सूचना मिला की एक सरफिरा व्यक्ति ग्राम पंचायत भवन ग्राम रणवीरपुर के सामने धारदार चाकूनुमा हथियार लेकर आने जाने वाले लोगो व दुकानदारो को डरा धमका रहा है। की सूचना पर मौके में पुलिस सहायता केंद्र ग्राम रणवीरपुर की टीम पहुंच कर चाकूनुमा हथियार रखे व्यक्ति को पकडे। जिससे उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम डोगेश सोनी पिता स्वर्गीय जयलाल सोनी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम रणवीरपुर का रहने वाला बताया, जिससे हथियार रखने का वैध कागजात (लायसेस ) पेश करने कहा गया जो किसी प्रकार का हथियार के सम्बन्ध मे कागजात पेश नही किया। उक्त व्यक्ति से एक धारदार चाकुनुमा हथियार जप्त किया गया, जिसकी लम्बाई 13 इंच है, व प्लास्टिक का ग्रिप लगा हुआ हैं, जिसकी लम्बाई 8 इंच है।



### 40 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का ब्रह्माकुमारी दीदियों ने किया शुभारंभ



**भिलाई, 12 फरवरी।** बेहद सृष्टि रुपी जीवन के खेल में परमात्मा सर्वोच्च कोच है जो सदा साथ भी है और सहयोग भी देता है। परमात्मा दूर देश परमधाम से पराए देश में ब्रह्मा का तन रुपी रथ का आधार लेकर अवतरित होते हैं। यह बातें सेक्टर 7 स्थित अंतरदिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने महाशिवरात्रि महोत्सव (शिव जयंती) शिव मेरा पिता मेरे लिए है आया आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर कहीं। सर्वप्रथम 40 दिन (21 मार्च) तक चलने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ सर्व भिलाई सेवा केंद्रों की वरिष्ठ ब्रह्माकुमारी दीदियों ने दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया। आशा दीदी ने शिव मेरा पिता मेरे लिए है आया के बारे में बताया कि महाशिवरात्रि पर्व परमात्मा शिव का अवतरण दिवस है। जो सच्चे दिल से निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं उनका पुण्य का खाता जमा होता है। संतुष्ट रह संतुष्ट करने से जीवन परमात्मा दुआओं से संपन्न होता है। आपने बताया की हनुमान जी के हृदय में प्रभु श्री राम सीता का निवास था। ऐसा शुद्ध हृदय हो हमारा जिसमें स्वयं परमात्मा निवास करें । सागर में समाने की शक्ति है जो पूरे दुनिया के कचरे को अपने में समाकर हीरे मोती रत्न देता है। मन से दृढ़ संकल्प का हाथ हमे सदा सफलता स्वरूप बनता है, जो सोचा वह होना ही है। आपने स्टॉप स्टैचू खेल द्वारा मन, बुद्धि को व्यर्थ से स्टॉप लगाने का ड्रिल अभ्यास भी कराया। सभी ब्रह्मा वत्सो ने प्रातः राजयोग सत्र के पश्चात प्रभात फेरी निकाल कर संपूर्ण मौन में राजयोग की शक्तियों को ग्लोब चौक होते हुए सेक्टर 7 तालाब में शांति के प्रकंपन प्रवाहित किये ।

# शक्ति वंदन कार्यक्रम में एक अलग उत्साह देखा गया महिलाओं में

**भिलाई, 12 फरवरी।** नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा द्वारा 9 फरवरी को शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सभी वार्ड के नागरिकों ने पहुंचकर अपनी सहभागिता प्रदान की। बता दें कि स्व-सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) जिसका गठन महिलाओं को अनेक प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए किया जाता है। उन महिलाओं को भागीदारी से महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को सार्थक करने शासन द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्तमान में शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना जिसका नाम महतारी वंदन योजना के लिए महिलाओं में एक अलग उत्साह आज के शिविर में भी देखा गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, असंगठित कर्मकार, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदन योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना, पीएम स्वनिधि योजना के स्टाल में भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थित रही। समाचार लिखे जाने तक भिलाई-चरौदा निगम द्वारा आयोजित आज के शिविर में विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक लोगों में 20 लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्रदान किया गया। वही प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 09 आवेदन प्राप्त हुए तथा 03 आवेदन संभावित हितग्राहियों वितरित किये गये। पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ प्राप्त करने वालो द्वारा 236 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि पीएम स्वनिधि योजना के 26 आवेदन प्राप्त हुये। महतारी वंदन योजना के 150 आवेदन वितरित किये गये तथा 75 आवेदन प्राप्त हुये। 14 हितग्राहियों के नये जनधन खाते खोले गये तथा असंगठित कर्मकार श्रमिक कार्ड का लाभ 20 लोगो को लाभ प्रदान किया गया।



# प्रदेश पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने महेन्द्र कुमार साहू

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश पँचायत सचिव संघ के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्री उपेन्द्र पैकरा एवं प्रदेश संयोजक श्री अनिल गुप्ता द्वारा दुर्ग सम्भाग को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए पँचायत सचिवों के एक ही मांग परिवीक्षावधि पश्चात शासकीयकरण को भा ज पा के घोषणा पत्र में शामिल करवाने वाले दुर्ग जिला पँचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू को प्रदेश पँचायत सचिव संघ का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है वहीं दुर्ग सम्भाग को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए यशवंत आडिल दुर्ग को महामंत्री, नीलेश सिंह खैरागढ संगठनमंत्री,अर्जुन कलिहारे मानपुर मोहला संगठनमंत्री, योगेश चन्द्राकर बालोद प्रवक्ता, तिलकराम साहू बालोद सह सचिव, श्रीमती सुनीता तारम बालोद सहसचिव, भरत देवांगन बेमेतरा सहसचिव, लाकेश जंघेल जिलाध्यक्ष खैरागढ सहकोषाध्यक्ष, कोमल कश्यप मानपुर मोहला सहकोषाध्यक्ष, राजाराम उइके राजनांदगांव मीडिया प्रभारी, नरेश महतो दुर्ग सहमीडिया प्रभारी,टीकाराम निषाद बालोद सहमीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है उक्त नियुक्ति के लिए महेंद्र साहू जिलाध्यक्ष बालोद,दीपक वैष्णव जिलाध्यक्ष राजनांदगांव, चंद्रमौल त्रिपाठी बेमेतरा, जलेश चन्द्रवँशी जिलाध्यक्ष कवर्धा, संतोष गोटे जिलाध्यक्ष मानपुर मोहला, शेषनारायण चन्द्रवँशी, निमेश भोयर,प्रदीप चन्द्राकर, नरेश साहू,गिरधर वर्मा, गुमानसिंह नायक,तेजनारायण शर्मा, रामखिलावन साहू, नरेश राजपूत, धारेन देवांगन,दिलीप दिल्लीवार, राजकुमार देशमुख, बिहारीलाल साहू,भुनेश्वर गजपाल,देवकुमार वर्मा सुलोचना चन्द्राकर,कामिनी चन्द्राकर, सहित प्रदेश के समस्त सचिवों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रांताध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस पर समारोह का आयोजन**

# समाज के सहयोग से उत्तरदायित्व का निर्वहन करने में रहेंगे सफल:मुख्यमंत्री

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 12 फरवरी।** जिला मुख्यालय दुर्ग के सिविल लाइन स्थित कचना धुरवा देवालय परिसर में केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ द्वारा मंत्री एवं विधायकों का सम्मान तथा वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किये। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल एवं विधायक डोमन लाल कोरसेवाड़ा, गजेंद्र यादव एवं ललित चंद्राकर तथा केंद्रीय गोड़ महासभा धमधगढ़ के अध्यक्ष एम.डी. ठाकुर, अन्य पदाधिकारी और समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थें। समारोह में गोड़ समाज द्वारा गौर सिंह मणित मुकुट पहनाकर और धनुष बाण भेंट कर पारम्परिक ढ़ंग से सम्मान किया गया। समाज द्वारा मुख्यमंत्री को मोतीचूर लड्डुओं से भी तौला गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेशवासियों की सेवा के लिए जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उस पर मैं समाज के सहयोग से उत्तरदायित्व का निर्वहन करने में सफल रहूंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के गारंटी को क्रमशः पूरा करने जा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के गरीबों को प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए है। किसानों का विगत वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 का धान बोनस राशि 3716 करोड़ रुपए किसानों के खाते में अंतरण किया गया है। वन क्षेत्रों में रहने वाले तेंदूपत्ता संग्रहकों से प्रति मानक बोरा 5 हजार 500 रुपए में खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की गारंटी के मुताबिक सरकार महतारी वंदन योजना के तहत अगले माह से प्रत्येक हितग्राही महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए देने जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने गोड़ समाज के पदाधिकारियों की मांग पर गोड़वाना भवन दुर्ग में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 50 लाख रुपए और दुर्ग नगर के राजेंद्र पार्क चौक में आदिवासियों के लोक नायक बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाने के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा की। बिरसा मुंडा एक महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक सुधारक थे। वह झारखंड के बांगा गांव में जन्मे थे। उनकी शौर्यगाथाएं भारतीय इतिहास में अमिट चिह्न के रूप में प्रस्तुत हैं। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा की। उन्होंने आदिवासी जनजाति के लिए लड़ते हुए उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया। वे आदिवासी संगठनों की स्थापना की और लोगों को जागरूक करने का काम किया। बिरसा मुंडा का जीवन एक प्रेरणास्त्रोत है, जो हमें दिखाता है कि एक संघर्षशील व्यक्ति किसी भी असंभव को मुकाबला कर सकता है। वे हमेशा याद रखे जाएंगे और उनकी महानता को सम्मान देना चाहिए। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के तानाशाही और उत्पीड़न से लोगों को मुक्त कराने के लिए अपनी लड़ाई शुरू की। उन्होंने लोगों को जागरूक किया, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए उद्यमित किया और उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ने का साहस दिया। बिरसा मुंडा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान उनकी खोज है, जिससे उन्होंने आदिवासी समाज को संगठित किया। उन्होंने बिरसा मुंडा युवा मोर्चा की स्थापना की, जिसने आदिवासी युवाओं को समर्पित और सशक्त नेताओं की तैयारी की। बिरसा मुंडा ने स्वतंत्रता संग्राम में अपना समर्पण दिखाया और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वह अपने लोगों के लिए अद्वितीय एकता और बलिदान का प्रतीक थे। समारोह में शामिल होने के पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिविल लाईन चौक पर गोड़वाना की वीरांगना महारानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसी प्रकार कार्यक्रम स्थल पर काली मंदिर में मां काली की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया।

## एक नजर

### असामाजिक तत्वों के खिलाफ की कार्रवाई

**राजनांदगांव,12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 11.02.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि किशन साहू उर्फ उर्फ झिल्ली दादा नामक व्यक्ति तुलसीपुर रेल्वे फाटक के पास अपने हाथ में चाकू लेकर लोगो को डरा धमका रहा है, आसपास के लोग दहशत में है। कि सूचना पर तत्काल मौका पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता किशन साहू उर्फ झिल्ली दादा पिता किशोर साहू उम्र 18 वर्ष साकिन शेरे पंजाब गली तुलसीपुर थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) बताया, जिसके कब्जे से एक नग लोहे का जंग लगा धारदार चाकू जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।



### राज्य के बजट में महंगाई, बेरोजगारी दूर करने,अर्थव्यवस्था सुधारने की कोई पहल नहीं:अफजल अली

**राजनांदगांव,12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।।** जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सैय्यद अफजल अली ने कहा बजट में महंगाई-बेरोजगारी के घोर आर्थिक संकट में घिरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए कोई पहल नहीं दिखती है। निर्माण, छोटे उद्योगों, व्यापार, जो इस मंदी की मार से सबसे ज्यादा बेहाल है, वहां लोगों ने सबसे ज्यादा रोजगार खोए है, उनके लिए बजट में कुछ नहीं किया गया है। तीन प्रदेश से घिरे राजनांदगांव जिले के तीनों क्षेत्रों के बेरोजगार लोगों को नकद, न्यूनतम, मासिक आय को बढ़ाने और इस क्षेत्र में नए उद्योग के जरीए बेरोजगारों को रोजगार से लगाने के लिए सरकार की ओर से सहायता जरूरी है, पर बजट में इसका कोई प्रावधान नहीं है, संस्कारधानी नगरी के बाजार में तरलता लाने व्यापार-उद्योग को पटरी पर लाकर रोजगार के अवसर बढ़ाने की कोई मंशा बजट में नहीं दिखती है। सैय्यद अफजल अली ने आगे कहा पूर्ववर्ती सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को सतत जारी रखने में साय सरकार संशय की स्थिति में नजर आ रही है। आम जनता के हित से भारतीय जनता पार्टी का कोई सरोकार नहीं है।



### मानस गान में बोरसी एवं डांडेसरा प्रथम

**राजनांदगांव,12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा में समस्त ग्रामवासियों सहयोग से दो दिवसीय भव्य मानस गायन टीका प्रतिस्पर्धा में समापन समारोह मुख्य अतिथि मनीष साहू पार्षद राजनांदगांव अध्यक्षता योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य विशेष अतिथि लोकेश



गंगवीर सरपंच कृत लाल पटेल उपसरपंच अतिथि में पुरस्कार वितरण किया पुरुष वर्ग में लवकुश मानस परिवार बोरसी प्रथम श्री राम कृष्ण मानस मंडली बागतरई द्वितीय श्री बंसल मानस परिवार घुपसाल तृतीय श्री राम भक्ति संदेश मानस परिवार रामनगर कवर्धा चतुर्थ सुयश मानस परिवार भेलवागुदा पंचम महिला वर्ग सुरुचि महिला मानस मंडली डांडेसरा प्रथम तनमय बालिका मानस परिवार भरदा कला द्वितीय जय परमेश्वरी बालिका मानस मंडली कोटेरा तृतीय जय मां सिंहवाहिनी बालिका मानस मंडली थनौद चतुर्थ विशेष पुरस्कार जय निमेश मानस परिवार रामनगर रायपुर गायन श्री मधु मारुति मानस मंडली गोजी व्याख्या हरि ओम सत्यम आजाद मानस मंडली कोलार वादन कुंवर सिंह निषाद ढालू पटेल उद्घोषक चुम्मन निषाद जितेन्द्र चन्द्राकर आयोजक समिति जिवराखन पटेल तुकाराम यादव बिसे पटेल जानू पटेल हाल सिंह शिवप्रसाद पटेल चंपा निषाद सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा.

# माता-पिता की सेवा से बढ़कर कुछ नहीं, उन्हें खुश रखें तो जीवन सफल होगा : मुख्यमंत्री

**रायपुर,12 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम कंडोरा में आयोजित मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है, इसलिए हम सभी को प्रतिदिन अपने माता-पिता का चरण छूकर आशीर्वाद लेना और उन्हें प्रणाम करना चाहिए। उन्हें खुश रखेंगे, तो जीवन सफल होगा। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप मनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री श्री साय ने आयोजकों को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित करने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके गुरु ने कहा था कि माता-पिता भगवान से बड़े होते हैं। माता जन्म देती है। गर्भ में 9 माह तक रखने के बाद पालन-पोषण करती है। यदि माता-पिता खुश नहीं हैं, तो सभी पूजा-पाठ सभी व्यर्थ है। वेदों में भी माता-पिता का स्थान सर्वोच्च है। मुख्यमंत्री ने




धार्मिक कथाओं का उदाहरण देते हुए माता-पिता के महत्व को रेखांकित किया और सभी बेटे-बेटियों को अपने माता-पिता को खुश रखते हुए उनसे आशीर्वाद लेने और उनका आदर और सम्मान करने की अपील की। कार्यक्रम को श्री राजीव रंजन नन्दे और वनवासी आश्रम के श्री योगेश बापट ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने माता-पिता का महत्व बताते हुए उनका आशीर्वाद लेने और पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहकर अपने माता पिता की सेवा करने और उनका नाम रोशन करने की बात कही। इस दौरान पद्मश्री श्री जागेश्वर यादव, श्री राम प्रताप सिंह, संभाग आयुक्त जी.आर. चुरेंद्र, जनसंपर्क आयुक्त श्री मयंक श्रीवास्तव, आई.जी. श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह आदि उपस्थित थे।

#### मैं भी अपने माता-पिता के आशीर्वाद से आज सीएम हूँ

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात भावुकता के साथ अपने माता-पिता को याद करते हुए बताया कि बचपन में उनके सिर से पिता का साया उठ जाने के पश्चात अपनी माता में ही पिता और माता का रूप देखते थे और निरंतर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। उन्होंने बताया कि आज भी उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेता हूँ और मुझे लगता है कि आज मैं जिस मुकाम पर हूँ, मुख्यमंत्री हूँ उसमें मेरे माता-पिता का ही आशीर्वाद है।

**बच्चों ने की माता-पिता की पूजा**-कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने अपने माता-पिता की विधि विधान से पूजा की और माता पिता की सेवा करने का संकल्प भी लिया। मंच पर मुख्यमंत्री श्री साय सहित अन्य अतिथियों का भी बच्चों ने अभिनन्दन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा ने किया माल्यार्पण और स्मरण

**रायपुर12 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि पर भारतीय शहर जिला भाजपा ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पंडित उपाध्याय के आदर्शों को याद करते हुए भाजपा नेताओ ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण व विकास पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी की डबल इंजन सरकार पंडित उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही है रायपुर शहर जिला भाजपा में निवासरत प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की



उपस्थिति में संपन्न कार्यक्रम में नेताओ ने बारी बारी पंडित जी की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जहां रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत , प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। रविवार सुबह राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर श्रद्धा अर्चन के बाद रायपुर शहर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय श्रीवास्तव ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की स्व.पं.दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा के नागला में हुआ था एवं उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांसे बिहार के बेगूसराय के पहुंचने के पूर्व ली जहां उनका पार्थिव शरीर संदिग्ध अवस्था में पाया गया उपाध्याय जी तात्कालिक समय में उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्ति थे उन्होंने बी.ए. , एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही 2 बार प्रतियोगी परीक्षाएं भी उत्तीर्ण की परंतु अंग्रेज सरकार की नौकरी से उन्होंने इंकार कर दिया उन्होंने आजाद भारत में एकात्म मानववाद दर्शन और समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण के लिए अंत्योदय का सिद्धांत समाज के सामने प्रस्तुत किया पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय की बात करने वाले ज्योतिपुंज थे। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण को राजनीतिक चिंतन का एजेंडा बनाया था उनके इस चिंतन का आज असर दिखता है। आज एकात्म मानववाद की ताकत दुनिया देख रही जहां आज केंद्र और राज्य की भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उद्धार के लिए विभिन्न योजनाओं के साथ कार्य कर रही है ।

### महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाओं ने दिखाया उत्साह

**राजनांदगांव 12 फरवरी।** जिले में शासन की महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केन्द्र एवं वार्ड कार्यालय में पहुंच रही हैं। वहीं दूसरी ओर ऑनलाईन भी फार्म भरे जा रहे हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शासन की इस महती योजना के प्रति महिलाओं में विशेष रूझान दिखाया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में महतारी वंदन योजना के फार्म भरवाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आज 23 हजार 970 फार्म भरे हैं। अब तक कुल 1 लाख 46 हजार 402 आवेदन जमा किए गए हैं। शासन की महतारी वंदन योजना के प्रति महिलाओं में जागरूकता एवं उत्साह है। जिले में पर्याप्त संख्या में फार्म उपलब्ध हैं। पात्र हितग्राहियों को शासन की इस महती योजना से लाभ मिले इसके लिए लगातार फार्म भराए जा रहे है।

## परिवहन एवं यातायात विभाग ने की संयुक्त चेकिंग कार्रवाई

**छुरिया 12 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 28वें दिन दिन पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात श्री हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त चेकिंग कार्यवाही



किया गया। कार्यवाही के दौरान सीजी 12 एके 7253, सीजी 28 के 6788, सीजी 08 एएफ 2487, सीजी 07 सीए 1075 वाहनो पर 7600 रूपये का ऑनलाईन चालान एवं अन्य 06 वाहनों पर 6000 रूपये का समन शुल्क रसीद काटा गया। इसी प्रकार कुल 10 वाहनों से जुमला 13600 रूपये वसूला गया। साथ ही वाहनों के पीछे रेडियम टेप लगाया गया एवं यातायात नियमों का पालन करने वाहन चालकों को समझाईश दिया गया। साथ ही यातायात रथ के माध्यम से प्रधान आरक्षक रोहित गजेन्द्र द्वारा रीवागहन, भानपुरी, कोपेडीह, तुमड़ीबोड़, केहका, मलईडबरी, कोलिहापुरी, तेन्दुनाला, महाराजपुर, चिचोला, पाटेकोहरा, लालूटोला, डुमरडीह, छुरिया मंडई में संगीत, अलाउंस एवं पाम्पलेट वितरण कर आम लोगो को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। राजनांदगांव यातायात पुलिस आम लोगो से अपील करती है कि नशे के हालत में कभी भी वाहन न चलाये, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नियंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। जिससे किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना न हो एवं किसी भी प्रकार की जन-धन की हानि न हों।

## सेक्टर पुलिस अफसरों को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव 12 फरवरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों को आगामी लोकसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मतदान दलों एवं निर्वाचन कार्य के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के लिए विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। आगामी लोकसभा निर्वाचन के प्रशिक्षण कार्यक्रम को विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा संचालित किया जाएगा। उन्हें निर्वाचन से संबंधित प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया और विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही सेक्टर अधिकारियों और सेक्टर पुलिस अधिकारियों को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों और सेक्टर पुलिस अधिकारियों को निर्वाचन कार्य के दौरान उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, मास्टर ट्रेनर्स श्री कैलाश शर्मा, श्री दीपक ठाकुर सहित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और अधिकारी उपस्थित थे।



### थाना डोंगरगांव की त्वरित खबर पर गैंदाटोला थाना ने की पशु तस्करों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव ,12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** गैंदाटोला - दिनांक 11.02.2024 को सीनियर अफसरों राजनादगांव के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी डोंगरगांव निरिक्षक उपेन्द्र शाह की सूचना एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में दिनांक 11/02/2024 के रात्रि में डोंगरगांव थाना क्षेत्र की ओर से थाना गैंदाटोला क्षेत्र होते महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही टाटा ट्रक क्रमांक में थाना गैंदाटोला व डोंगरगांव स्टाफ के द्वारा हिक्मतअमली से ग्राम छुरियाडोंगरी के पास रोका गया, जो वाहन चालक मवेशी भरे वाहन को रोड में खड़ा कर मौके पर छोड़ कर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। वाहन ट्रक को देखने पर वाहन मे 29 नग मवेशी को ठुस ठुस कर भरकर, ऋुरता पुर्वक बिना चारा पानी दिये महाराष्ट्र, की ओर बुचड़ खाना ले जाते पाये जाने पर 29 नग मवेशी एवम् 01 वाहन जुमला कीमती 3,29000/- रूपए कीमती को जप्त कर, थाना गैंदाटोला के द्वारा फरार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध धारा - 4 ,6,10 क्ष.ग. कृ. प.परि.अधि, 11पशु ऋू. अधि. का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है । फरार आरोपी तथा पशु तस्करी के अपराध में सलिप्त अन्य व्यक्तियों का पता तलाश किया जा कर विधिवत गिरफ्तारी कार्यवाही की जायेगी ।



### आसामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**राजनांदगांव,12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** दिनांक 11.02.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्ग दर्शन पर अटल आवास कालोनी राजनांदगांव में आसामाजिक व्यक्तियों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। राजनांदगांव पुलिस को अटल आवासों में निवासरत अपराधिक तत्वों व संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार शिकायतें प्राप्त हो रहीं थी। दिनांक 11.02.2024 को रविवार सुबह 6.00 बजें नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के नेतृत्व में थाना कोतवाली, थाना लालबाग, थाना बसंतपुर, ओपी चिखली, ओपी तुमड़ीबोड़, ओपी सुरगी प्रभारियों एवं रक्षित निरीक्षक की टीम द्वारा अपने दल बल के साथ करीब 70 अधि./कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा पेंड्री स्थित अटल आवास कालोनी में चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अटल आवास के मकानों में निवासरत व्यक्तियों व किरायेदारों की तस्दीक कर किरायेदारों व बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन कराने, जिन व्यक्तियों द्वारा अपने मकानों को किराये में दिया गया है उनको थाना लालबाग में किराये में रहने का फार्म जमा करने व जानकारी देने के निर्देश देने के साथ ही बाहरी व्यक्तियों का थानों में मुसाफिर रिपोर्ट दर्ज कराने की समझाईश दिया गया और साथ ही साथ अपराधिक तत्वों को अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक जीवन यापन करने की भी समझाईश दी गई।



### आयुष्मान एवं राशन कार्ड मे तेजी लाये आम जनो को अधिक से अधिक लाभ मिले-अग्रवाल

**गरियाबन्द ,12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** प्रति सप्ताह मंगलवार को होने वाला समय सीमा की बैठक इस बार सोमवार आज आयोजित की गई जिसमें जिलाधिश दिपक अग्रवाल, जिला पचायँत सी.ई.ओ.रिता यदव,अपर कलेक्टर अविनाश भोई के साथ ही समस्त अधिकारियों ने भागीदारी निभाई.इस औसर पर जिलाधिश दिपक अग्रवाल ने निर्देशित किया के.वाई.सी. राशन कार्ड की गति को बढ़ाने का निर्देश दिया और कहा कि जल्द से जल्द राशन कार्ड आम जनो तक पहुंचे ताकि कोई दिक्कत व परेशानी ना हो अगर किसी किस्म की कोई दिक्कत व परेशानी आती है तो तत्काल उच्च अधिकारियों से संपर्क करें .वही पीएम जनमन योजना के लिए उन्होंने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा इस पर तेजी लाएं और लोगों को अधिक से अधिक राहत मिले ऐसा प्रयास करें। जिलाधीश ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बने और लोगों तक पहुंच जाएं जिनसे उन्हें इलाज के दौरान राहत मिलना चाहिए ।इसी तरह रामलला दर्शन योजना के तहत जल्द से जल्द फॉर्म भरवा कंप्लीट कर इसकी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने दिया ।महतारी वंदन योजना पर और गति लाने का निर्देश जिलाधीश दिलीप अग्रवाल ने दिया । जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने कहा उन्होंने बीते दिनों कुल्हाड़ी घाट में कमर विशेष पिछड़ी जनजातियों के आवास योजना के लिए जो कार्य स्वीकृत किए हैं उसके तेज गती पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शाबाशी देते हुए कहा कि और तेजी से कम होना चाहिए शासन की प्रमुख योजना है और विशेष पिछली जनजातियों को अधिक से अधिक राहत मिले इस पर कार्य किया जाए उस बीच ही उन्होंने इस अवसर पर यह भी निर्देश दिया कि राजिम मेला की सारी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित हो ,इस पर विशेष ध्यान रखा जाए अधिकारी पूरी तरह से सजक व सतर्क रहे जन समस्याओं को तत्काल निराकरण का प्रयास करें आम जनों तक शासन की योजनाओं पहुंचे और उन्हें आम जनो को अधिक से अधिक लाभ मिले इस पर विशेष ध्यान रखा जाय



# विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन ने दी केंद्र की योजनाओं की जानकारी

**राजनांदगांव 12 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की नागरिकों को जानकारी देने एवं लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण के मोबाईल वेन चार दिनों तक शहर में रही। निगम सीमाक्षेत्र के चारो दिशाओं में नगर निगम द्वारा 7 शिविर आयोजित की गयी, जहॉ चल चित्र के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संदेश को सुनाकर विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गयी। अंतिम दिन कन्हारपुरी में आयोजित शिविर में केन्द्र सरकार की योजना का लाभ लेने महिलाओं मे उत्साह था। आज के शिविर का शुभारंभ नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु ने वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा सहित कन्हारपुरी के वरिष्ठ नागरिक श्र आज्ञाराम हिरवानी, पूर्व पार्षद श्रीमती सुनीता साहू, पार्षद प्रतिनिधि श्री अरूण दामले व श्री जीवन चतुर्वेदी के अलावा सर्वश्री सोहन साहू, नरेश साहू, दीपक निर्मलकर, दिनेश साहू, की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ फिता काट कर छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित कर राजगीत के माध्यम से किया। अतिथियों द्वारा सभी स्टालो का अवलोकन कर हितग्राहियो से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने अपील की तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का सामान देकर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वास्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया तथा अतिथियों ने योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, आयुष्मान कार्ड, व प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। शिविर में शक्ति वंदन कार्यक्रम अंतर्गत उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिला समूहों में राजलक्ष्मी



शहर स्तरीय संघ लखोली, मॉ. सरस्वती क्षेत्रीय स्तरीय संघ कन्हारपुरी, मॉ कर्मा स्व सहायता समूह कन्हारपुरी, चेस्टा स्व सहायता समूह कन्हारपुरी एवं गंभीर स्व सहायता समूह लखोली को साल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया, साथ ही प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत आभा बचत साख समूह, जय मॉ संतोषी बचत साख समूह, शिवशक्ति स्व सहायता समूह एवं अभिलाषा स्व सहायता समूह को स्व रोजगार के लिय बैकों द्वारा स्वीकृत ऋण का चेक वितरण किये।

शिविर में नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय नरेन्द्र मोदी जी पहले प्रधानमंत्री है जिन्होंने अब तक केन्द्र सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिला की नहीं, मिला तो कितना लाभ मिला, यह जानने के लिये एवं जिन्हें लाभ नहीं मिला उन्हें लाभ देने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रांरभ किये। उन्होंने कहा कि यात्रा शिविर में जिन्हे लाभ मिला वे अपना अनुभव साझा कर रहे है, जिन्हें नहीं मिला वे बड़ी संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर आवेदन ले रहे है। आज द्वितीय चरण का अंतिम शिविर है, मैं अधिकारियों से चाहुगा कि पहले चरण के शिविर एवं द्वितीय चरण के शिविर में कितने आवेदन आये, कितने का निराकरण हुआ, कितना निराकरण करना है, उसकी समीक्षा करे, और अतिशीघ्र हितग्राहियों को योजना का लाभ देवे। उन्होंने वार्डवासियों सहित शिविर में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों का शिविर के सफल संचालन के लिये आभार व्यक्त किया।

शिविर में लखोली क्षेत्र के तथा कन्हारपुरी के लगभग 12 सौ से अधिक लोग शिविर में एवं पोर्टर के माध्यम से जानकारी लिये और योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 7 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 300 ने, आधार के लिये 2 ने, उज्जवला योजना के लिये 21 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 25 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 08 एवं महतारी वंदन योजना के लिये 80 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत 06 लोगों ने अपने अनुभव साझा किये। जिनमें ज्योति साहू व रानी मसूमा ने प्रधानमंत्री सुरक्षिता मातृत्व योजना का लाभ लेकर, मंजू साहू ने सिकलसेल का निःशुल्क ईलाज कराकर तथा पुष्पा स्व सहायता समूह, तृप्ति स्व सहायता समूह व सृष्टि स्व सहायता समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री स्व निधि योजनांतर्गत ऋण लेकर लाभ प्राप्त कर अपना अनुभव साझा कर सभी लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनकी योजना का लाभ हम गरीबों को मिला जिससे हमारा जीवन सफल हुआ। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 79 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये।

आज के कन्हारपुरी में आयोजित अंतिम शिविर में श्री मनोहर यादव एवं उनकी टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा उनकी टीम के श्री विकास जामुलकर ने हास्य व्यंग कर लोगों को बाधे रखा। अतिथियों ने मनोहर यादव की टीम को प्रसस्ति पत्र एवं साल व श्रीफल से सम्मानित किया तथा शिविर के सफल संचालन करने के लिये महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा एवं शिविर के मिडिया कवरेज के लिये प्र.जनसम्पर्क अधिकारी श्री देवेन्द्र सोनी को साल, श्रीफल से सम्मानित किया गया। शिविर के अंत में नोडल अधिकारी एवं प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव ने जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, पार्षदों, पत्रकार बंधुओ तथा लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया साथ ही सभी विभाग के अधिकारियों जिन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में अपनी सहभागिता दी उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कलेक्टर ने जनसमस्या निवारण शिविर का लिया जायजा

**राजनांदगांव 12 फरवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बैगाटोला में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर का जायजा लिया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जनसामान्य के राजस्व सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शिविर में महिलाओं से महतारी वंदन योजना के संबंध में प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाने के लिए योजना शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रत्येक माह एक हजार रूपए मिलेगा। इसका लाभ लेने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों तथा उसके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली।

## संपादकीय

# इसे कहते हैं चुनाव में धांधली करना

किसी लोकतंत्र में धांधली तब ही होती है जब वहां लोकतंत्र विरोधी ताकतें मजबूत होती है। कई देशों में लोकतंत्र विरोधी ताकतें लोकतंत्र की आड में ही खुद को बनाए व बचाए रखती है और मजबूत होती रहती है। जनता उन्हें हटाना चाहती है, चुनााव में हराना चाहती है लेकिन न हटा पाती है न हरा पाती हैं। हाल ही में हमारे दो पड़ोसी देशों में चुनाव हुए हैं। उन चुनावों को देखते हुए लगता है कि वहां लोकतंत्र विरोधी ताकतें सत्ता में बने रहने के लिए चुनाव तो कराती हैं लेकिन चुनाव न निष्पक्ष होतों हैं न ही स्वतंत्र होते हैं। चनाव होने के बाद भी सत्ता में रहने के लिए कैसी धांधली की जा सकती है, इन दोनों देशों में हुए चुनाव में देखा जा सकता है। बांगला देश में तो सत्तारूढ़ दल ने विपक्ष को एक तरह से समाप्त कर दिया है। विपक्ष के हजारों नेता जेल है और देश में चुनाव हो गया है। जिन दोनों दलों ने चुनाव लड़ा, कोई भी जीते सरकार तो उसी दल की बननी थी जिस दल की सरकार है। यानी विपक्ष को समाप्त कर बांग्ला देश में डमी विपक्ष भी सत्तारूढ़ दल ने तैयार कर लिया और उसके साथ चुनाव लड़कर सत्ता फिर से हासिल कर ली। यह हैं चुनाव में धांधली कर सत्ता हासिल करने का एक तरीका। सत्ता अपने हाथ से नहीं जाने देने के लिए पाकिस्तान में भी धांधली की गई है। यह धांधली तो बांग्लादेश की धांधली से भी बड़ी है। यहां तो जो जीत रहा है, उसे जीतने नहीं दिया जा रहा है। जनता जिसे जिताकर सरकार बनाना चाहती है, सत्ता पर काबिज रहने वाले लोग सेना की सहयोग से जनता की चुनी हुई सरकार बनने नहीं देना चाहते हैं। पाकिस्तान में आज जनता चाहती है कि वहां इमरान खान की पार्टी की सरकार बने लेकिन सत्ता पर काबिज लोग किसी कीमत पर इमरान खान की पार्टी को सत्ता में आने ही नहीं देना चाहते हैं। इमरान की सत्ता में वापसी न हो सके इसके लिए उनकी पार्टी का चुनाव चिन्ह जब्त कर लिया गया। इस पर इमरान की पार्टी के नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ा। जनता ने यह पता कर कि निर्दलीयों में इमरान खान की पार्टी का प्रत्याशी कौन है, उसे वोट देकर जिताया। जब मतगणना शुरू हुई और इमरान की पार्टी को ज्यादा सीटें मिलती दिखी तो मतगणना रुकवा कर इमरान विरोधी पार्टी के उम्मीदवारों को जितवाया गया। इमरान खान की पार्टी को न जीतने देने इतने प्रयास किए गए फिर भी इमरान की पाटी ने घोषित रिजल्ट के मुताबिक 265 सीटों में 93 सीट जीत चुकी है। इसके बाद भी सत्ता पर काबिज रहनेवाले नेता उनकी पार्टी की सरकार न बनने देने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। पाकिस्तान में कहा जाता है कि सरकार उसी की बनती है जिसके साथ सेना होती है। पिछली बार इमरान के साथ सेना थी तो उनकी सरकार बनी थी। इस बार सेना नहीं चाहती है कि पाकिस्तान में इमरान की सरकार बने इसलिए पूरी कोशिश की जा रही है कि साझा सरकान बनाकर इमरान को सत्ताा से बाहर कर दिया जाए और निर्दलीयों को अपनी पार्टी में शामिल कर खुद को और मजबूत किया जाए। किसी भी देश में जब लोकतंत्र विरोधी ताकतें मजबूत हो जाती हैं तो उनकी हटाना जनता के लिए भी आसान नहीं होता है। यही वजह है कि जनता तो लोकतंत्र विरोधी ताकतों को सबक सिखाना चाहीत हैं लेकिन चाहकर भी सबक नहीं सिखा पा रही हैं। भारत में विपक्ष कहता है कि लोकतंत्र की हत्या हो गई है, संविधान को कमजोर किया जा रहा है, उसे देखना चाहिए कि लोकतंत्र की हत्या पाकिस्तान में जैसी की गई है,वैसा तो भारत में कभी नहीं हुआ। लोकतंत्र की जिस तरह हत्या बांग्लादेश में की गई है, वैसा कोई उदाहरण भारत में नहीं मिलता है। यहां चुनाव आज भी पाकिस्तान व बांग्लादेश से बेहतर ढंग से होते हैं. सभी दलों को चुनाव लड़ने की पूरी आजादी है। कोई भी चुनाव लड़ सकता है। कोई भी जीत सकता है। अपनी बात हर किसी को कहने की पूरी आजादी है। भारत का विपक्ष खुद कमजोर है, चुनाव वह अपनी कमजोरियों की वजह से नहीं जीत पाता है, और सत्ता पक्ष पर धांधली का आरोप लगाता है, सिर्फ आरोप ही लगाता है। पिछले दस साल में किसी भी चुनाव में किसी तरह की धांधली की शिकायत सही नहीं पाई गई है। यहां विपक्ष कहता जरूर है कि वह विचारधारा के आधार पर एकजुट होकर भाजपा को हराएगा। इस बार भी उसने तैयारी की। एक जैसी विचारधारी वाले बीस से ज्यादा दल एकजुट हुए। इंडी गठबंधन भी बनाया। उसकी बैठकें भी हुईं। यही कहा गया कि अगली बैठक में सब ठीक हो जाएगाा। विपक्ष चुनाव लड़ने के पहले बिखर गया है। यह उसक त्रासदी है।

# गरिमा खोता देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न'

**चर्चित मुद्दा**

**तनवीर जाफ़री**



देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' का वितरण जितना इस बार विवादों में है उतना पहले कभी नहीं रहा। निश्चित रूप से पूर्व की सरकारों ने भी कई ऐसी हस्तियों को इस सर्वोच्च अलंकरण से नवाज़ा जिनकी विचारधारा पूर्व की सरकारों से मेल खाती थी। परन्तु लोकसभा के आम चुनावों से ठीक पहले देश का इस सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' का वितरण कम से कम 'रेवड़ियों ' की तरह तो कभी नहीं किया गया। 'भारत रत्न' दिये जाने से सम्बंधित निर्देशावली में भारत सरकार द्वारा स्वयं यह नियम बनाया गया है कि एक वर्ष में अधिकतम केवल तीन हस्तियों को ही यह सम्मान दिया जा सकता है। 1954 में जवाहर लाल नेहरू के शासनकाल के दौरान जब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के कार्यकाल में भारत रत्न देने की शुरुआत की गयी थी उस समय भी प्रथम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन व महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन जैसी तीन विशिष्ट हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। परन्तु एक ही वर्ष में नियम के विरुद्ध जाकर पांच पांच 'भारत रत्न' घोषित किये जाने का कोई इतिहास नहीं मिलता। बेशक यह सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न किसे दिया जाना चाहिए इसकी कोई ख़ास योग्यता,परिभाषा या पैमाना निर्धारित नहीं है। परन्तु माना यही जाता है कि अलग अलग क्षेत्रों में देश के लिए सेवा करने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले अति विशिष्ट लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाता है। अति विशेष परिस्थितियों में यह पुरस्कार विदेशी नागरिकों को भी दिया जा सकता है। 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार केंद्र में बनी थी उस समय तो सरकार ने इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न को स्थगित ही कर दिया था। परन्तु जैसे ही कांग्रेस ढाई वर्षों बाद ही पुनः सत्ता में आई उसने 1980 में पुनः यह सम्मान देना शुरू कर दिया।

कांग्रेस के शासनकाल में जिन प्रमुख हस्तियों को भारत रत्न से नवाज़ा जा चुका है उनमें पंडित जवाहर लाल नेहरू,डॉ राजेंद्र प्रसाद,इंदिरा गाँधी,पी डी टंडन,लाल बहादुर शास्त्री,राजीव गाँधी,मदर टेरेसा,ख़ान ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान,सरदार वल्लभ भाई पटेल,नेल्सन मंडेला,जे आर डी टाटा,ए पी जे अब्दुल कलाम से लेकर सत्यजीत रे,लता मंगेषकर,पंडित रवि शंकर,भीम सेन जोशी,शहनाई वादक बिस्मिल्लाह ख़ान व सचिन तेंदुलकर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के अति विशिष्ट लोगों के नाम उल्लेखनीय हैं। परन्तु केवल इसी वर्ष यानी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिस प्रकार 15 दिन के भीतर 5 लोगों के नामों की घोषणा भारत रत्न दिये जाने हेतु की गयी और उसके जो राजनैतिक 'साइड इफ़ेक्ट ' दिखाई दे रहे हैं या फिर जिन राजनैतिक समीकरणों को साधने की ग़रज़ से एक के बाद एक कर पांच भारत रत्न नामित किये गए हैं उसे लेकर इस अतिविशिष्ट सम्मान की महत्ता पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया है। पिछले 15 दिनों के अंतराल में जिन 5 हस्तियों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत रत्न हेतु नामित कर एक ही वर्ष में पांच लोगों को भारत रत्न दिए जाने का कीर्तिमान स्थापित करते हुये भारत रत्न प्रदान करने के नियमों की धज्जियाँ उड़ाई गयीं वे हैं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर,भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के अतरिक्त पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति का जनक समझे जसने वाले कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन।

परन्तु इस बार उपरोक्त 5 भारत रत्न नामितों की घोषणा के बाद राजनैतिक विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग इन नामों,घोषणा के समय व संभावित प्रभावों को लेकर यह साफ़ तौर पर कहने लगा है कि इसबार रेवड़ियों की तरह किया



जाने वाला 'भारत रत्न' अलंकार का वितरण पूरी तरह से राजनैतिक व चुनावी लाभ हासिल करने के मद्देनज़र लिया जाने वाला फ़ैसला है।

इनमें जिन चार हस्तियों को भारत रत्न से नवाज़ा गया है निश्चित रूप से देश उनके योगदान का ऋणी है जबकि लाल कृष्ण आडवाणी का महत्वपूर्ण योगदान उस भाजपा को खड़ा में सबसे महत्वपूर्ण है जिसपर आज आडवाणी कृपा से ही नरेंद्र मोदी का नियंत्रण है। परन्तु इन नामों की घोषणा के बाद तत्काल जो राजनैतिक साईड इफ़ेक्ट नज़र आये वे यही हैं कि कर्पूरी ठाकुर के नाम की घोषणा होते ही पाला बदलने की आस में बैठे नितीश कुमार ढ्ढ. ह्र. ष्ठ. ढ्ढ.. गठबंधन छोड़ पुनः एन डी ए में जा मिले। इसी तरह चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर आर एल डी नेता व चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयन्त चौधरी भी एन डी ए में इन शब्दों के साथ जाते हुये दिखाई दिये कि -'किस मुंह से इंकार करूँ ' ? इसी तरह मोदी सरकार ने इस बार कांग्रेस नेता नरसिम्हा राव व इससे पूर्व 2019 में प्रणब मुखर्जी के नाम की घोषणा कर यह संदेश दिया था कि नेहरू गांधी परिवार से नाम मात्र मतभेद रखने वाले नेताओं को भी सम्मान दिया जा सकता है। सीधे शब्दों में इनको दिया जाने वाला सम्मान इन नेताओं के सम्मान में कम गांधी परिवार के विरोध का प्रतीक अधिक है। रहा सवाल एमएस स्वामीनाथन का तो देश जानता है कि स्वामीनाथन आयोग की सिफ़ारिशों के आधार पर ही आज न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिये देश के किसान लंबे समय से संघर्षरत हैं। परन्तु स्वामीनाथन आयोग की इन सिफ़ारिशों को मानने के बजाय स्वामीनाथन को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा कर देना,इसे आख़िर किस नज़रिये से देखा जाना चाहिये ? भारत रत्न के लिये इन नामों की घोषणा के बाद एक सवाल यह भी उठने लगा है कि जिस भाजपा के लोग 22 जनवरी के अयोध्या आयोजन को मोदी व भाजपा का मास्टर स्ट्रोक बता रहे थे और उसी भरोसे पर मीडिया की जुगलबंदी से 'अब की बार चार सौ पार ' का माहौल बनाने में जुट गये थे, वही भाजपा क्या अब 'राम कृपा ' पर विश्वास नहीं कर पा रही जो उसे भारत रत्न जैसे सर्वोच्च सम्मान को भी रेवड़ियों की तरह बांटकर विपक्षी नेताओं को अपने खेमे में जोड़ने के हथकण्डे इस्तेमाल करने पड़ रहे हैं ? क्या भारत रत्न भी अब राजनैतिक लाभ उठाने का 'अलंकरण ' बन कर रह जायेगा ? और यदि ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से देश का यह 'भारत रत्न' रुपी सर्वोच्च सम्मान अपनी गरिमा पूरी तरह खो बैठेगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। कोई प्रेरणादाई पुस्तक पढ़ना या फिल्म देखना आप के लिए बढ़िया रहेगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दिनचर्या में सुबह की सैर शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कोई पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे अपने सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा। आप अपने रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। घर से जुड़ी समस्याओं पर विचार करने की जरूरत है। आज जिंदगी की भाग दौड़ में आप खुद को खुशनसीब महसूस करेंगे।

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्त्रोतों से आय करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को किसी उलझन से छुटकारा मिल सकता है। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी।आज आपको जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोदप्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। लेखन का कार्य कर रहे लोगों के मन में कोई स्टोरी लिखने का विचार आ सकता है।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है। आज बेवजह किसी से उलझने से बचे। आपका पुराना मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। जो लोग घर से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने परिवार की याद आएगी। अगर आपने पहले कोई निवेश किया है तो उसका भी पूरा लाभ मिलेगा।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज अपनी क्षमता पर विश्वास करने से आपके सभी काम बनेंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, आने वाले समय में आपको पैसों की जरुरत पड़ सकती है। आज आपको किसी रिश्तेदार से कोई शुभ समाचार मिलेगा। जिंदगी का एक बड़ा सबक इस बात को मान लेना है, कि बहुत सी चीजों को बदलना नामुमकिन है। जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और आप अपने मन पसंदीदा कामों को कर पाने में कामयाब होंगे।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। जीवनसाथी से किसी काम को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आप अपने मित्रों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। घर परिवार में चल रही समस्या को आप अपनी सूझ बुझ से सॉल्व करने में सफल होंगे। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जाएगी।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए ठीकठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग बनते दिख रहे हैं। आज आपके जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है। दान धर्म के कार्य में बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे। भाई व बहनों से चल रही अनबन बातचीत के जरिए समाप्त होगी।

मकर राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा। आज किसी पुरानी समस्या को दूर करने के लिए योजनाएं बनायेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आप बेहतर महसूस करेंगे, अपनी रूटीन में सीजनल फ्रूट शामिल करने से आपको आराम मिलेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आपकी किसी पुराने बचपन के मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी, जिससे मिलकर आपको खुशी होगी। यदि आपने बचत संबंधी योजनाओं पर पूरा ध्यान लगाया है तो आप भविष्य के लिए कुछ धन संचय करने में कामयाब रहेंगे। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करें। शाम को दोस्तों के साथ अधिक समय बितायेंगे उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे।

मीन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। नए काम की शुरुआत जीवनसाथी को करा सकते हैं। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम बन जाएंगे।

# सुनो भाई उधो सपना सरकस के

**परमानंद वर्मा**

सोचो कभी ऐसा हो तो क्या हो, जब सर्कस के पिंजरे से शेर निकल कर भाग जाए तब क्या हालत होती होगी दर्शकों की, शहर वालों की? ऐसा ही हो रहा है आज। देहली सर्कस एण्ड कंपनी का एक खूंखार चीता रिंग मास्टर के हंटर से चमक कर सुरक्षा घेरे से बाहर आ गया है। फिर क्या था अपने आक्रामक तेवर का प्रदर्शन करते हुए बड़े-बड़ों को ऐसे लहूलुहान कर रहा है जिसकी किसी को कल्पना नहीं थी। उस चीते को सभी प्यार से %ईडी' कहकर पुकारते हैं। इसी संदर्भ में प्रस्तुत है यह छत्तीसगढ़ी आलेख-

- अरे भागव रे, भागव, जी परान बचाना हे तब ए तीर ले भाागव।

- काबर भागबो जी ए तीर ले, का होगे हे तेमा भागबो?

- नइ भागव तब जाव मरव रे सारे हो, तुंहर मन के रई आगे हे तेला कोनो नइ बचा सकय?

- अरे का बात होगे हे तेला बताबे ते बस कुकुर मांस खाय बरोबर बड़बड़ावत रहिबे?

-नइ मानव न मोर बात ल, सारी दुनिया जानगे हे, देशभर के अउ गांव भर के मनखे जानगे हे फेर तुंहर असन मूर्ख मनखे मैं कहूं नइ देखे हौं, अतेक अंधरा, अतेक अड़ानी होके नइ रहना चाही?

- अरे परलोखिहा सारे नइ तो हो जइसे रावन, कंस, दुरजोधन, दुशासन अऊ बड़े-बड़े राक्षस मन के नांव ल सुन के रिसि-मुनि, गियानी अउ आम आदमी कांपय तइसने कस अभू होवत हे।

ये मेहतरु जकहा-बकहा के मुंह ले अइसन बात सुन के दइहान मं सकलाय राहय तउन मन कहिथे, तुंहर मन के समझ मं आथे गा, एकर बात हा?

परसादी कहिथे- कोन जनी बुजा हा का कहिथे, का बकथे ते कुछु समझ नइ परय?

समारु, चिंता, रामनाथ, गोविंद, ईश्वर अउ कन्हैया घला परसादी के बात के समरथन करत कहिथे- कोन जनी ओहर का देख परे हे, सुन डरे हे ते झझके असन बड़बड़ावत हे।

उही तीर सरपंच जगमोहन रिहिसे तउन कहिथे- राहौ तो गा राहौ,एकदम से हड़बावौा झन। उहू लइका, हा कुछु देखे, सुने, पढ़े होही, कोनो मेर तभे अइसन झझखे हे, डरे हे, तभे तो काहत हे भागव... भागव...। ओला तीर के बला लौ अउ पूछव का बात हे बेटा, काबर, का जिनिस हे तेला देखके तैं झझक गे स?

सरपंच जगमोहन ओ लइका ल तीर मं बलइस, ओकर बर पानी मंगइस। एक गिलास पानी ल गटागट ओहर पीगे।

सरपंच पूछथे- हां, बता बेटा, का बात हे, काबर सब झन ल भागव... भागव... भागव... काहत हस?

ये बेटा के नांव हे मेहतरु, बने हट्टा-कट्टा, नौजवान हे कोनो जोजवा-भोकवा नइहे। ओहर सरपंच ल बताथे- का बतावौं मालिक, रात के एक ठन भयंकर सपना देख परे हौं।

- का सपना रे, सरपंच हा पूछथे। अब ओ तीर सुनइया मन के मजमा लग जथे अउ सब कान देके ओकर बात ल सुने ले धर लिन जइसे कोनो रहस्य-रोमांच के बात सुनावत हे?

- हां, त बता बेटा मेहतरु का अइसे भयंकर सपना देख डरे के अतेक हड़बड़ागे हस?

- हड़बड़ाय के लइक सपना रिहिस हे, तैं नइ पतियाबे, गउकिन काहत हौं गा, ओ भयंकर सपना ल देखत-देखत डर के मारे मूत (पेशाब) घला कर डरेंव।

सुनत राहय तउन चंगू-मंगू मन जोर से खिलखिला के हांस भरथे, कठल जथे। कोनो-कोनो कहिथे- ये सारे मेहतरु हा लबारी मारत हे, चुतिया बनावत हे, नइ देखे हे अइसन कोनो सपना, एकर बात मं कोनो झन आहौ। लफंगा हे, झूठ-मूठ के बात बनावत, बेंझावत हे।

सरपंच कहिथे- राहौ तो गा, थोकन चुप तो राहौ। का काहत हे एहर तउन ल सुन तो लौ?

-हां त बता बेटा मेहतरु, का देखे भयंकर सपना मं?

-मेहतरु- अरे बाप रे, का बतावौं मालिक, दिल्ली मं सरकस होवत हे तिहां के रिंग मास्टर के हंटर खाके चीता अतेक बौखला गे, सब पंडाल मन ल टोरटार के ऐती-ओती जिहां पावत हे जात हे राड़ छड़ावत हे। सब जी परान दे के एती-ओती भागत हे।

रामनाथ पूछथे- तोर ये सपना सही हे के अइसन डेर्रावत हस?

मेहतरु बताथे- मोला का लेना-देना हे भइया ककरो से। बिहनिया मोर नींद खुलिस तब देखथौं, ओ चीता नोहय, ओ ईडी हे। आईटी, सीबीआई पुलिस घला हे ओकर संग मं। जेन मोटहा आसामी हे, जनता के धन ल लूट-लूट के खाय हे, भोभस मं भरे हे तेकर इहां घुसर-घुसर के छापा मारत हे। कोनो नेता, कोनो मंतरी, कोनो उद्योगपति, व्यापारी, कलाकार एक ला नइ छोड़त हे।

मैंहर देखे हौं- गिंधोल कस मोटाय ओ बेईमान, गरकट्टा, दोगला, पाखंडी मन ल अइसन ठठावत हे, धुर्रा छड़ावत हे के ओकर मन के हौसडा बंद होगे हे। सब ल जेल मं धांधत हे। एक नइ सुनत हे ककरो। एक झन नइ बता सकत हे के अतेक रुपिया, सोना-चांदी, जमीन-जायदाद, महल-अटारी, घोड़ा-गाड़ी कहां ले अउ कइसे अतेक जल्दी बटोर डरे हे?

ओहर बताथे- मैं सपना मं देखेंव, रिंग मास्टर जब ओला निरदेस देवत रिहिसे तब कनमटक नइ देवत रिहिसे फेर जब एक हंटर परिस ना तब हां जी मेरे आका काहत पंडाल (ऑफिस) ले बाहिर निकलिन अउ फाइल खोल-खोल के देखिन तब बड़े-बड़े भुंडा के नांव दिखिस। बिहानभर तड़ातड़ छापा कार्रवाई शुरू होगे।

सरपंच ल बतावत कहिथे साल भर ले ऊपर होगे हे मालिक, तुमन कइसे नइ जानन, सुने हन कहिथौ- बड़े-बड़े सरकार कांपत हे, सरकस के चीता के नांव ल सुन के। सांड बरोबर खुल्ला ढिलाय हे जिहे पावत हे तिहे ल थुथरत हे दोरदिर ले ओइलाय हे। अतेक अखबार, टीवी चैनल मं फोटो सहित ओ सबो जिनिस ल देखावत हे जउन पकड़ावत जात हे।

सरपचं कहिथे- वाह बेटा मेहतरु, तब ये आय तोर सपना सरकस के। इही ला देख के तैं डर्रागेस रे?

- डर्राय के लइक बात हे मालिक।

दूसर दिन ओकर गांव मं विधायक अउ मंतरी रहिथे तेकर घर ईडी के छापा परगे। पांच किलो सोना, कीमती जेवर, फर्जी लेनदेन, जमीन जायदाद के जांच शुरू होगे। एक झन नेता के घर मं करोड़ों के नगदी मिलिस।

सब केहे ले धरलिन, मेहतरु किहिस तउन बात सहिच निकलगे। इही पाके ओहर चेतावत रिहिसे- भागव... भागव... भागव... फेर ओकर बात ऊपर कोनो धियान नइ देवत रिहिन हे। बइहा, पगला काहत रिहिन हे। वाजिब मं सपना घला कभू-कभू सच हो जथे भइया...।

**बसंत पंचमी विशेष** **डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

# ओ बसंती... पवन पागल ...न जा रे न जा... रोको कोई

हम इस मृत्यु लोक में हम अनेक मौसमों के कड़वे मीठे अनुभव लेते आ रहे हैं ।सारे मौसमों में प्रत्येक प्राणी को सुकून देने वाला कोई मौसम है तो वह केवल बसंत ही है । तब क्या हम यह कह सकते हैं कि बसंत महज एक मौसम नहीं है । यदि गहन चिंतन की मुद्रा में सोचा जाए तो बसंत भौतिक कम मानसिक ज्यादा है । यही वह मौसम है जो अध्यात्म तक जाता है । बसंत को लेकर मैने जितना पढ़ा और समझा है , वह मन की स्थिति से कम नहीं है ।बसंत ही वह मौसम है जिसे प्रकृति का श्रृंगार माना जाता है । यह काम भाव का उद्दीपक होने के साथ ही साथ ज्ञान और शौर्य के संगम को भी समेटे हुए है । यदि मैं अपने भौतिकवादी विचारों में गोते लगाऊं तो यह पाता हूं ..जब कलियां , पल्लव , पुष्प , कपोल तथा पत्ते तक खिलखिला उठे, तब बसंत का आगमन होता है । इतना ही नहीं जब मौसम खुशगवार हो जाए न तो शरीर को तपन का अनुभव हो और न ही सर्दी का प्रकोप सताता हो तो हमें समझ लेना चाहिए कि बसंत का आगमन हो चुका है । जब युवा हृदय काम भाव के हिलोरों में समाने लगे तो यह संकेत है की बसंत आ गया है । माघ मास शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि हमें यह बताती है कि बसंत ऋतु ने हमारे जीवन में प्रवेश पा लिया है । यह वही दिन है जब हम श्री अर्थात विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का जन्म दिवस भी मानते हैं । मौसम की शीतलता को अनुभव कर कवि लिखता है :-

बसंत रितु का आगमन , फुलवारी चहुँ ओर
पीली सरसों खेत में , मनभावन चितचोर ।

बसंत ऋतु का प्रभाव जहां हर प्राणी के जीवन में हर्षोल्लास का संचार कर जाता है , वहीं भारतीय सीने जगत भी इन दोनों कुछ अलग करने का मन बना लेता है । इसी मौसम के वशीभूत फिल्म निर्माता समय-समय पर बसंत ऋतु को गीतों में गूंथकर परोसते रहे हैं । फिल्मी दुनिया ने इसे मस्ती का पर्याय बना दिया है । हम दशकों से बसंत के मौसम को गुनगुनाते आ रहे हैं :- रंग बसंती आ गया ..मस्ताना मौसम छा गया ...। लोकगीत और हिंदी साहित्य भी बसंत को अपने शब्दों में पिरोता रहा है । भारतीय फिल्मों में अनेक त्योहारों के अवसर पर बसंत ऋतु पर आधारित गीत गुनगुनाए जाते हैं । गायकों से लेकर गीतकार और संगीतकारों ने अपनी साधना को साधकर ऐसे गीतों को इतिहास के सुनहरे पन्नों पर दर्ज किया है । सन 1960 के दशक में बनी फिल्म जिस देश में गंगा बहती है .. में स्वर कोकिला लता मंगेशकर के साथ शैलेंद्र सिंह ने ... ओ बसंती पवन पागल... न जा रे ..न जा.. रोको कोई... गाकर यह सिद्ध कर दिया है , कि बसंत का मौसम इठलाने का मौसम है । इसी तरह सन 1965 में बनी राजा और रंक फिल्म में मोहम्मद रफ़ी और लता जी ने मस्ताने मौसम को स्वर से कुछ इस तरह सजा दिया.. संग बसंती.. अंग बसंती.. रंग बसंती.. छा गया.. मस्ताना मौसम आ गया ...। शास्त्रीय संगीत की हिंदुस्तानी परंपरा का राग - राग बसंत भी इसी मौसम में सुर सजाता है ।

बसंत के मौसम में , बसंत से जुड़े रागों का रस लेने से डिप्रेशन , चिंता , तनाव और मानसिक रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है । शास्त्रीय संगीत के जानकारों की माने तो प्रकृति से जुड़े रागों को गाने - बजाने या सुनने से कई तरह की मानसिक परेशानियों से निजात संभव है । यह केवल कहने की बात नहीं , बल्कि अनेक शोध में साबित किया जा चुका है । हम वर्तमान में देख रहे हैं कि अब अस्पतालों मे मरीजों को राहत देने के लिए औषधियों के साथ ही बेहद मीठे स्वर में गीत संगीत भी बजाए जा रहे हैं । यूं भी देखा जाए तो बसंत खिलने का मौसम है फिर क्यों न उस मौसम के अनुकूल रागों को गुनगुनाया जाए ? बसंत के विषय में कविवर रबिंद्रनाथ टैगोर ने लिखा :- बसंत जंगल के फूल खिलने का समय है । यह जीवन के आकर्षण , घुमड़ने और उत्सव के खेलने का समय है । वृक्ष - पौधे स्वयं को त्यागने के लिए पागल हो जाते हैं .. वे उड़ रहे हैं ... हमारा ऐसा कोई संबंध नहीं जो बसंत के गुप्त अमृत से निकले हुए फूलों में है । वह हमारे आंगन को अपनी छाया में ढाल रहे हैं । वह हमें अपने सुगंध के आलिंगन में घेर रहे हैं । कवियत्री महादेवी वर्मा ने अपनी कविता स्वप्न से किसने जगाया .. में बसंत ऋतु का जिक्र किया है । बसंत पतझड़ के मौसम के बाद ठूंठ हो चुके पेड़ - पौधों में फूल- पत्तियों के खिलने का समय है । इनमें भंवरे और मधुमक्खियां अपने जीवन की धारा तलाशने पहुंचते हैं । यही कारण है कि इसे मधुमास भी कहा जाता है ।

बसंत ऋतु में प्रकृति का सौंदर्य मन को मोहित करता है । इस ऋतु का स्वागत स्वयं प्रकृति करती दिखती है । बसंत पंचमी का संबंध जहां गीत ,संगीत ,साहित्य , राग , कला आदि से है , वहीं यह रामायण काल से भी संबंध रखती है । रामायण में वर्णन मिलता है कि इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम सीता जी की खोज करते हुए शबरी की कुटिया में पहुंचे थे , और शबरी के झूठे बेर खाकर एक नया संदेश दिया था । पंडित रामनरेश त्रिपाठी ने बसंत के विषय में लिखा है :- प्रकृति जब तरंग में आती है , तब वह गान करती है । उसके गीतों में हृदय का इतिहास इस प्रकार व्याप्त रहता है - जैसे प्रेम में आकर्षण , श्रद्धा में विश्वास और करुणा में कोमलता । इसी तरह प्रकृति के गान में मानवीय समाज इस प्रकार प्रतिबिंबित होता है जैसे कविता में कवि और तपस्या में त्याग । भक्ति और श्रृंगार के अद्भुत कवि विद्यापति ने बसंत को शिशु की संज्ञा दी है । वह कहते हैं माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को




प्रकृति पूर्णगर्भा हुई थी । नौ माह और पांच दिन व्यतीत होने पर प्रकृति के आंचल में नवजात बसंत ने किलकारी मारी । वनस्पतियां सेविका बनी । शिशु बसंत को शीतल वायु से बचाने मेघ ने छाया कर दी । धतूरा , तुरही बजाता प्रतीत हो रहा है , तथा नागकेशर की कली शंख ध्वनि कर रही है । कमल की पंखुड़ियां से मधु लाकर भ्रमर बाल बसंत को सौंप रहे हैं । कमलनाल को जोड़कर बसंत के कमर में करधनी पहनाई गई है । नव पल्लवों ने बसंत की शैय्या तैयार की है , और केशर ने उसे बदनखा पहनाया है । अरुण रथ पर आरूढ़ सूर्य देव जन्म पत्री बना रहे हैं , तथा कोयल ने उसका नामकरण कर बसंत नाम दिया है । ऐसा प्रतीत होता है मानो आम्र मंजरियां बसंत को हार पहना रही हों ।

## एक नजर

### माओवादियों के लगाये गये प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से जवान घायल



**बीजापुर 12 फरवरी।** डुमरीपालनार कैम्प से एरिया डॉमिनेशन, डी-माईनिंग पर निकली थी टीम, आज प्रातः 9:00 बजे के आसपास डुमरीपालनार और तिमेनार के मध्य माओवादियों द्वारा लगाये गये प्रेशर ढ्श्वष्ठ ब्लास्ट होने से एक जवान हुआ घायल। घायल जवान के पैर में आई चोंट मौके से 03 नग 5-5 केजी के प्रेशर आईईडी सुरक्षा बलो द्वारा बरामद किया गया, जिसमे से 02 आईईडी को जिला बल बीडीएस डुमरीपालनार की टीम द्वारा मौके पर नष्टीकरण किया गया एवं 01 आईईडी सुरक्षित निष्क्रिय किया गया। आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेलसनार मे प्राथमिक उपचार उपरान्त जिला अस्पताल दंतेवाड़ा भेजा गया है । बेहतर उपचार हेतु एयर लिफ्ट कर रायपुर भेजा जायेगा ।

### जिले में नोडल अधिकारी जागेश्वर कौशल ने किया पीएससी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**बीजापुर 12 फरवरी।** आज बीजापुर जिले में छत्तीसगढ़ राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा -2023 की परीक्षा का कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में सफलता पूर्वक संचालन किया गया। परीक्षा के सफल संचालन हेतू नोडल अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल ने निरीक्षण कर केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ अनुपस्थित परीक्षार्थियों का संज्ञान लेकर उनके पेपर को जमा करने के निर्देश दिए। बीजापुर जिले में शासकीय शहीद वेंकटराव पीजी कॉलेज और स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 रविवार को दो पाली में पूर्वान्ह 10 बजे से 12 बजे तक और अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के 02 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। पहली पाली में 658 परीक्षार्थी शामिल होने थे किंतु 460 ही उपस्थित हुए 198 अनुपस्थित रहे।

# खेलों से किया लोगों को यातायात के प्रति जागरूक

**प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 12 फरवरी।** जिला बीजापुर में 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत् आज दिनांक 10 फरवरी 2024 को यातायात पुलिस बीजापुर द्वारा विविध कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियम एवं संकेतो के सबंध में जागरूक किया गया । सड़क सुरक्षा जागरूकता माह में पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेंद्र कुमार यादव के दिशा निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात नोडल अधिकारी श्री विनीत साहू के मार्गदर्शन पर यातायात पुलिस के तत्वाधान में न्यू पुलिस लाइन मैदान में जुंबा डांस, रंगोली, चित्रकला, गीत, निबंध, भाषण, 100 मीटर दौड़, फुगड़ी का आयोजन किया गया। जुंबा डांस के माध्यम से स्वस्थ शरीर स्वस्थ मन की अपील बीजापुर पुलिस द्वारा किया गया । सुरक्षित यातायात के लिए यातायात नियमों एवं संकेतो का विधिक रूप से पालन करने की अपील की गई । उक्त कार्यक्रम में छू लो आसमान, स्वामी आत्मानंद



इंग्लिश मीडियम बीजापुर, स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम बीजापुर, एकलव्य,अंकुर पब्लिक स्कूल, कन्या परिसर बीजापुर, आदेश्वर पब्लिक स्कूल बीजापुर के छात्र-छात्राएं शामिल होकर जुंबा डांस, रंगोली, चित्रकला, गीत, निबंध,भाषण, 100 मीटर दौड़, फुगड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय,तृतीय इनाम दिया गया । 100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में प्रथम बुलबुल स्वामी आत्मानंद स्कूल हिंदी मीडियम, द्वितीय कुमारी सरिता एकलव्य स्कूल , तृतीय कु. कंजाल अंकुर पब्लिक स्कूल रहे। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अर्जुन स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम, द्वितीय समीर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम, तृतीय अनिल छु लो आसमान रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले, इशिता राणा स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम द्वितीय स्थान पाने वाले राजेश छू लो आसमान,तृतीय स्थान रश्मि शिमला कन्या शिक्षा परिसर। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नागमणि ग्रुप कन्या परिसर बीजापुर, द्वितीय स्थान सुरभि ग्रुप स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम, तृतीय खुशी यादव स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम बीजापुर रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिशा ग्रुप स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम द्वितीय स्थान आशीष ग्रुप स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम नंदू कोरसा एवं मोहित कश्यप छू लो आसमान रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम संजना कन्या शिक्षा परिसर, द्वितीय स्थान आकाश आकांक्षा स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रेजी मीडियम, तृतीय अनीता सेमला कन्या परिसर बीजापुर रहे।

## अभनपुर के हसदा गांव की वृद्धा की शिकायत का 24 घंटे में हुआ निदान



**रायपुर 12 फरवरी।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को एनजीओ समर्थ जन कल्याण समिति की अध्यक्ष जया द्विवेदी ने 8 जनवरी को व्हाट्सएप्प संदेश भेजकर अभनपुर विकासखंड के ग्राम हसदा की वृद्ध महिला अजीत बाई रात्रे की समस्या से अवगत कराया था कि नल जल कनेक्शन हेतु गढ्ढा खोदकर ठेकेदार द्वारा छोड़ दिया गया है एवं गढ्ढे को ढंकने की बजाय लगातार आनाकानी की जा रही है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ. सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रायपुर खंड के कार्यपालन अभियंता को तलब किया और तत्काल समस्या का निदान करने निर्देशित किया। कलेक्टर के कड़े निर्देश के उपरांत निर्माण एजेंसी ने तत्काल अपनी त्रुटि सुधार की एवं वृद्ध महिला को हुई असुविधा के लिए माफी भी मांगी। पीएचई अधिकारियों ने इस संबंध में अपना पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया है। एनजीओ और पीड़ित महिला ने त्वरित पहल के लिए कलेक्टर डॉ. सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया, वहीं कलेक्टर ने ऐसे स्वयंसेवी संगठन की सराहना करते हुए कहा कि आम नागरिकों को सुविधा व सहायता पहुंचाने में एनजीओ की भूमिका बड़ी होती है एवं प्रशासन को जानकारी देकर लोगों को मदद पहुंचाने में समर्थ की तरह सभी एनजीओ भी हमेशा आगे रहें। प्रशासन हर सूचना, शिकायत व सुझाव पर त्वरित कार्यवाही करता है।

### खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा सत्र में आपदा क्षतिपूर्ति राशि की मांग पर,कलेक्टर ने लगाई स्वीकृति

**छुरिया 12 फरवरी।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू ने बीते विधानसभा सत्र में राजनांदगांव जिले में सड़क दुर्घटना,तालाब में डूबने से, कीट प्रकोप से एवं अन्य आपदाओं के बारे में विधानसभा सत्र में कहा कि वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर 2023 तक का जवाब में दिया है कि इसमें 258 व्यक्तियों के परिजनों को क्षतिपूर्ति की राशि अभी तक लंबित है आप यह बता दीजिए कि इस लंबित प्रकरण का जिम्मेदार कौन है? और आप इस पर क्या कार्रवाई करेंगे, प्रकरण आज तक तैयार नहीं किया गया है क्या इसकी कोई समय सीमा है। जिसका परिणाम है कि राजनांदगाव के कलेक्टर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत एवं घायल पीड़ित व्यक्तियों को सहायता राशि 35 लाख 80 हजार रुपए भुगतान हो सका है। 9 फरवरी 2024 को कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने शासन से प्राप्त सड़क दुर्घटना में मृत एवं घायल पीड़ित व्यक्तियों को सहायता अनुदान राशि जिले के राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया एवं डोंगरगढ़ तहसीलों को पुर्नबंटित कर दिया है।

## समाचार संक्षेप

### नगर में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन




**चारामा 12 फरवरी।** नगर के बाजार पारा में दुर्गा मंदिर के समीप सप्त दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है । इस अवसर पर रविवार को श्रद्धालू महिलाओं के द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा दुर्गा मंदिर से निकल कर नगर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए वापस दुर्गा मंदिर पहुंची । इस दौरान नगर वासियों ने कलश यात्रा का फूल बरसाते हुए भव्य स्वागत किया । श्री शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस पर कथा वाचक पंडित श्री दाऊ लाल तिवारी जी ने चंचुला वैराग्य कथा का वाचन व वर्णन किया । सप्त दिवस तक चलने वाले श्री शिव महापुराण कथा में 12 फरवरी सोमवार को ज्योतिर्लिंग उत्पत्ति कथा, नारदमोह, संध्या आख्यान, 13 फरवरी दिन मंगलवार को सती चरित्र, पार्बती जन्म, तार्कासुर कथा, 14 फरवरी दिन बुधवार को कामदेव कथा, शिव पार्वती विवाह, 15 फरवरी दिन गुरुवार को कार्तिकेय, गणेश जन्म, बाललीला, तार्कासुर वध, 16 फरवरी दिन शुक्रवार को शिव अवतार की कथा, 17 फरवरी दिन शनिवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा, बिल्व पत्र वर्षा, कथा विश्राम, महाआरती व 18 फरवरी दिन रविवार को यज्ञ हवन, पुर्नाहूति, महाभंडारा और प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### कलेक्टर ने चिकटराज देव,माता कंकालीन के दर्शन किए



**बीजापुर 12 फरवरी।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने आज सुबह चिकटराज देव माता कंकालिन के दर्शन कर जिले वासियों के सुख समृद्धि की कामना की।चिकटराज मंदिर भट्टीपारा में , देवसियान पुजारी, पेरमा, गायता,ग्राम प्रमुख व ग्राम वासियों की से साथ बीजापुर के प्राचीन सभ्यता ,मान्यता ,विधि विधान की जानकारी लेते हुए सामाजिक सुधार पर चर्चा की।पास ही स्थित कंकालिन माता मंदिर में भी दर्शन किया जन सहयोग से मंदिर की सुंदरता, व्यवस्था देख चिकटराज समिति के प्रयास की तारीफ करते हुए प्राचीन सभ्यता को संरक्षित करने प्रशासन की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया ।ठेकेदार के अधूरे पड़े शेड निर्माण को पूरा करने के लिए कहा । इस अवसर पर बीजापुर देवसियान मेघनाथ मांझी, सुकलाल पुजारी ,रामशरण मांझी, विश्वनाथ मांझी ,नंदकिशोर राणा , बी गौतम राव व ग्राम प्रमुख उपस्थित रहे ।

## नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक बंसल के निर्देश पर जिले में चलाया जा रहा यातायात जागरूकता अभियान

- जिले में यातायात नियमों का पालन करने व हेलमेट पहनने पुलिस अधीक्षक की अपील।
- पुलिस चौकी जालबंधा एवम यातायात पुलिस खैरागढ़ ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान
- अभियान से प्रेरित होकर स्वेच्छा से 25 लोगो ने हेलमेट खरीदकर हेलमेट पहनने की



**खैरागढ़ 12 फरवरी।** दिनांक 10 फरवरी 2024 को जिले के पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल (आईपीएस) के निर्देशन में जिले की यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने एवं मृत्यु ,गंभीर चोट जैसी बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जिले के सभी थानों एवम यातायात शाखा खैरागढ़ को आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त हुआ जिसके परिपालन में यातायात पुलिस खैरागढ़ एवं पुलिस चौकी जालबंधा द्वारा चालान नहीं समाधान का मूल मंत्र ध्यान में रखते हुए लोगों को हेलमेट लगाने के महत्व को बताते हुए हेलमेट लगाने से होने वाले क्षती एवं चालान से मुक्ति के बारे में बता कर पुलिस चौकी जालबांधा अंतर्गत ग्राम शेरगढ़ तिराहा पर चालान नहीं समाधान यातायात जागरूकता अभियान प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुश्री प्रतिभा लहरें एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह के नेतृत्व में चलाया गया, जिससे प्रेरित होकर राह में आने जाने वाले बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों ने स्वेच्छा से हेलमेट क्रय कर पुलिस अधीक्षक महोदय के दिशा निर्देश पर चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान को सफल बनाया है ।प्रथम चरण में इसी प्रकार के चालान नहीं समाधान जैसे यातायात जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं इसके पश्चात द्वितीय चरण में पुनः यातायात के नियमों के अवहेलना करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी इसकी भी समझाइश दिया जा रहा है।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भाजपा ने समर्पण दिवस के रूप में मनाया

**बीजापुर 12 फरवरी।** जनसंघ के सह संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 56 वीं पूण्य तिथि को आज भाजपाइयों ने अटल सदन भाजपा कार्यालय बीजापुर में समर्पण दिवस के रूप में मनाया। उपस्थित सभी भाजपा नेताओं व जिले के पदाधिकारीयो ने उनके शैल चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर माल्या अर्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी अमर रहें के नारे लगाये। इस दौरान चुनाव प्रबंधन समिति की कोर कमेटी बैठक आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार जी ने अपने स्वागत उदबोधन देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव की कार्य मंत्रणा बताई और चुनाव की तैयारी हेतु अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। आज के मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी भारतीय राजनीति को एक नया वैचारिक धरातल देने वाले समाज में साधारण मानव की गरिमा को स्थापित करने लगातार प्रयास करते रहे दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में उनकी सबसे बड़ी विचारधारा। आगे श्री मद्दी ने चुनाव प्रबंधन समिति बैठक में विषय वार बिंदुओं पर प्रकाश डाला और एक-एक कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी अनुसार विषय पर प्रकाश डाला। इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता श्री महेश गागड़ा जी,जिला महामंत्री सतेंद्र सिंह ठाकुर जी,गोपाल सिंह पवार जी,कोषाध्यक्ष संजय लुक्कड़ जी,किसान मोर्चा अध्यक्ष घांसीराम नाग जी,उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू जी,दयाशंकर पटेल जी,जिलाराम राणा जी सहित समस्त जिलापदधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहें।




### कलेक्टर ने बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमि मुक्ति के लिए अभियान की शुरुआत की

**बीजापुर 12 फरवरी ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 10 फरवरी दिन शनिवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल बीजापुर में बच्चों को कृमि नाशक एलबेंडाजोल गोली की खुराख खिलाकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने जिले के शत प्रतिशत बच्चों को एलबेंडाजोल की खुराक देने के निर्देश दिए है। बच्चों में बढ़ते कुपोषण की रोकथाम शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के तहत 1 से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को आंगनबाड़ी केंद्रों सरकारी व निजी विद्यालयों में एलबेन्डाजोल गोली (पेट के कीड़े मारने की दवा) निःशुल्क खिलाई जाएगी। इसके बाद 15 फरवरी को मॉप अप दिवस मनाया जाएगा। इस 10 अगस्त को छूटे हुए बच्चों को एलबेंडाजोल गोली खिलाई जाएगी। इन अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके, प्राचार्य श्री अमित गांधरला जिला टीकाकरण अधिकारी श्री विकास गवेल, श्री नीलकंठ जोशी सहित शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे। सीएमएचओ डॉ अजय रामटेके ने बताया कि जिले में लगभग 95 हजार 670 बच्चों को डिवार्मिंग गोली खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 से 2 वर्ष तक के बच्चे को ऐल्बेण्डाजोल 400 एमजी की आधी गोली को दो चम्मच के बीच में रखकर चूरा करके स्वच्छ पीने के पानी में घोलकर पिलाई जाएगी एवं 2 से 6 साल के बच्चे को 1 गोली चबाकर खाने को दी जाएगी।



## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां तेज

- संवाद एवं संपर्क से पार्टी का जनाधार बढ़ाये - राजेश मूणत

**राजनांदगांव 12 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा स्तरीय प्रबंधन समिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें पूरे लोकसभा क्षेत्र के चारों जिलों कबीरधाम, खैरागढ़, राजनांदगांव व मोहला-मानपुर क्षेत्र में चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थें। बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की गई तथा आगामी दिनों में किये जाने वाले कार्यो की जानकारी लेकर उन्हे पुख्ता करने की समझाईश दी गई।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक का मार्गदर्शन करते हुये कलस्टर प्रभारी विधायक राजेश मूणत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी का लक्ष्य 51 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने का है, जिसे देखते हुये कम से कम हमें अपने क्षेत्र में 10 प्रतिशत से अधिक मतों की बढ़ोत्तरी करनी होगी। इसके लिये यह आवश्यक है कि पार्टी के कार्यकर्ता ग्रास रूट स्तर पर जाकर संवाद व संपर्क स्थापित करे जिससे पार्टी का जनाधर और बढ़े। उन्होंने कहा कि पिछ्ले 10 वर्षो में मोदी सरकार ने देश के विकास के लिये ऐतिहासिक कार्य किया है, भारत आत्मनिर्भर हो रहा है, हम विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हो रहे है। देश में मोदी जी के शासन में पहली बार हुआ जब गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोग मध्यम श्रेणी के हो रहे है। आने वाले समय में देशहित में अनेक बड़े फैसले लिये जाने है, इसलिये यह आवश्यक है कि हम सब मिलकर मोदी जी की देश विकास की नीतियों को




निचले स्तर तक ले जायें तथा केन्द्र सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। बैठक को लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल व क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने भी संबोधित किया। बैठक में 29 फरवरी के पूर्व विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय प्रारंभ करने की रणनीति बनी जिसके तहत 24 फरवरी को दोपहर 02 बजे पंडरिया विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन इसी दिन दोपहर 12 बजे कवर्धा विधानसभा का चुनाव कार्यालय उद्घाटन की योजना बनी। इसी प्रकार 24 फरवरी को ही सुबह 11 बजे मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन तथा खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन दोपहर 02 बजे कुमर्दा में तय किया गया है।

दी गई जानकारी के अनुसार 25 फरवरी को चार विधानसभा क्षेत्रों के कार्यालय का उद्घाटन तय किया गया है, जिसमें सुबह 11 बजे डोंगरगढ़ व डोंगरगांव तथा दोपहर 02 बजे खैरागढ़ तथा दोपहर 03 बजे राजनांदगांव चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन होगा। बैठक का संचालन दिनेश गांधी व आभार प्रदर्शन नीलू शर्मा ने किया । इस दौरान पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, सुरेश एच.लाल. , अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, प्रदीप गॉधी, भरत वर्मा, रामजी भारती, दिनेश गांधी, जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, शशिकांत द्विवेदी, अशोक साहू, मदन साहू, घम्मन साहू, सियाराम साहू, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, कोमल जंघेल, अनिल ठाकुर, कोमल सिंह राजपूत, गीता घासी साहू, दिलीप वर्मा व नम्रता सिंह, आभा तिवारी, रघुवीर वाधवा सहित अन्य अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### विकास खंड स्तरीय संस्तृप्तिकरण शिविर में पहुंचे कलेक्टर



**बीजापुर 12 फरवरी।** शनिवार 10 फरवरी को आयोजित विकास खंड उसूर के विकास खंड स्तरीय संस्तृप्तिकरण शिविर में शामिल होकर विभागीय योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। शिविर में विभागीय योजनाओं के जानकारी के साथ मैदानी अमला स्टाल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आवेदन प्राप्त किए। जिसमें केन्द्र और राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक सुगमतापूर्वक पहुंचाने का समुचित प्रयास किया गया शिविर में गलगम, उसूर, पुजारी कांकेर के सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, महतारी वंदन योजना, राजस्व संबंधी प्रकरणों सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास सहित सभी योजनाओं के हितग्राहियों ने पात्रतानुसार आवेदन जमा किए।इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी,सीईओ उसूर श्री प्रभाकर चंद्राकर तहसीलदार सूर्यकांत घरत सहित विभागीय अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण शक्ति वंदन अभियान चलाया

**राजनादगांव 12 फरवरी।** शक्ति वंदन अभियान के अन्तर्गत पदम श्री गोविन्द राम निर्मलकर ऑडिटोरियम नगर पालिक निगम राजनांदगाव में जिला स्तरीय स्वयं सहायता समूह सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ लेने प्रेरित किया गया।

# नफरत के बाजार में हम मोहब्बत की दुकान खोल रहे:राहुल गांधी

## गांधी प्रतिमा चौक से शुरू हुई थी यात्रा, जीप में सवार होकर निकले राहुल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 12 फरवरी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज रायगढ़ के दर्रामुंडा से गांधी प्रतिमा चौक पहुंची । जहां राहुल ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद खुली जीप पर सवार होकर राहुल आगे बढ़े। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ। इसके साथ ही उन्होंने केवड़ाबाड़ी चौक पर जीप से ही जनसभा को संबोधित किया और बच्चों से भी बात की। जिसके बाद राहुल गांधी की यात्रा चपले होते हुए खरसिया के लिए हुई रवाना। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव एक ही गाड़ी में बैठकर यात्रा में शामिल हुए हैं।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में बीजेपी और संघ नफरत फैला रहे हैं, जबकि हमने मोहब्बत की दुकान खोली है। एक बार फिर जातीय जनगणना का जिक्र छेड़ते हुए राहुल ने पीएम मोदी को इसका विरोधी बताया। इसके साथ ही अडानी-अंबानी पर भी बरसे।



राहुल ने इसके साथ ही अग्नि वीर योजनाए मणिपुर हिंसा को लेकर भी केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने कहा कि अंबानी चाइना का मोबाइल बनाते हैं। पैसा अंबानी और चाइना की जेब में जाता है। मैं चाहता हूं कि ये मोबाइल छत्तीसगढ़ में बने। पर ये सब मीडिया में नहीं आता। किसान मर जाएं, मजदूर मर जाएं मीडिया नहीं दिखाता। मीडिया अंबानी-अडानी के बच्चों की शादी दिखाता है।

राहुल ने मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि मणिपुर में हजारों घर जल गएए सैकड़ों लोग मारे गए लेकिन मोदी वहां नहीं गए। उन्होंने कहा कि मणिपुर में मेतेई.कुकी समाज के बीच बीजेपी ने आग लगाई। वहां, कोई नहीं गया, मैं गया था। मेतेई और कुकी समाज ने मुझे बुलाया। मैतेई समाज ने कहा हम आपको चाहते हैं। अगर आपकी सुरक्षा में कुकी समाज का कोई मिल गया तो हम गोली मार देंगे। हमने कुकी समाज के सुरक्षाकर्मियों को बाहर कर दिया। यही बात कुकी समाज ने कही। सरकार का यहां कोई कंट्रोल नहीं है। न मोदी जी गएए न बीजेपी का कोई नेता यहां जा पा रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि देश की 2 सौ सबसे बड़ी कंपनियों में पिछड़े, दलित, आदिवासियों के लिए कोई जगह नहीं है। मैंने कहा कि जाति जनगणना करानी है तो मोदी जी ने कहा देश में दो ही जाति हैं, गरीब और अमीर।

राहुल गांधी ने आर्थिक और सामाजिक न्याय की बात कहते हुए कहा कि हम आदिवासियों को कहते हैं कि आप यहां के मूल निवासी हैं। बीजेपी उन्हें वनवासी कहती है। यही सामाजिक अन्याय है।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में डेढ़ लाख युवा नौकरी के लिए भटक रहे हैं। उनसे कहा गया कि तुम्हें नहीं लेंगे। ऐसे युवा मेरे सामने रोए तो मैंने कहा कि हम ये मुद्दा उठाएंगे। तुम्हें आर्मी में भर्ती करके दिखाएंगे। राहुल ने बच्चे से पूछा कि अगर किसी ने दिल से 5 साल मेहनत की लेकिन उन्हें सेना में भर्ती नहीं किया गया तो ये अन्याय है न। इसी अन्याय के खिलाफ ये यात्रा है। बच्चों ने डॉक्टर, इंजीनियर और सैनिक बनने की बात कही। इस पर राहुल ने उनसे पूछा अग्निवीर योजना क्या है जानते हो। अग्निवीर योजना में बीजेपी और मोदी 4 साल के युवाओं को सेना में ले रहे हैं। बाद में उन्हें घर भेज देंगे। अगर अग्निवीर को चाइना बॉर्डर पर गोली लग जाती हैए वो शहीद हो जाता है तो उसे शहीद का दर्जा नहीं दिया जाता है।

राहुल गांधी ने बच्चों से पूछा आप कैसा हिंदुस्तान चाहते हो। न्याय का अन्याय काए मोहब्बत का या नफरत हिंदुस्तान चाहते हो। इस पर जीप पर सवार एक बच्ची ने कहा कि उन्हें मोहब्बत का हिंदुस्तान चाहिए।

ऐसी भावना से देश मजबूत नहीं होता। बीजेपी और संघ के लोग सभी जगह नफरत फैला रहे हैं। यात्रा का लक्ष्य यही है कि देश के भविष्य को मोहब्बत भरा हिंदुस्तान मिले। मणिपुर से मैंने यात्रा शुरू की तो पता चला कि देश का डीएनए नफरत नहीं मोहब्बत का है। क्योंकि यहां सभी जाति धर्मों के लोग प्यार से रहते हैं।

## एक नजर

### पति पर पेट्रोल डालकर पत्नी ने लगा दी आग

**रायगढ़, 12 फरवरी।** थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े को इंदिरा नगर लैलूंगा के एक नये बन रहे मकान अंदर एक व्यक्ति का शव जले हालत में पड़े होने की सूचना मिली। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर तत्काल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां मृतक की पहचान राजू रजक पिता अशर्फी लाल रजक उम्र 45 साल निवासी इंदिरा नगर रायगढ़ लैलूंगा के रूप में हुआ। मृतक के छोटे भाई कैलाश रजक ने बताया कि करीब 15 साल पहले उसका भाई राजू रजक ने अनिमा एक्का से प्रेम विवाह किया है, जिनका करीब 14 साल का लड़का है । रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उसका भाई राजू करीब 5 साल से ग्राम सरबकोम्बो में रहता था । 6 फरवरी को अपने परिवार के साथ इंदिरा नगर लैलूंगा इनके घर आया था । राजू शराब सेवन का आदी थाए 8 फरवरी को भी राजू शराब पिया हुआ था । दोनों पति.पत्नी रात को लड़ाई झगड़ा किये और फिर रात को ही घर से निकल गए। दूसरे दिन 09 फरवरी को सुबह पता चला कि इंदिरानगर में पवन मिंज के नये बन रहे मकान के अंदर भाई राजू का शव पड़ा है । खबर पाकर जाकर देखा तो राजू चित हालत में मरा पड़ा था पूरा शरीर जल चुका था। प्रभारी द्वारा घटना को लेकर संदेह व्यक्त कि महिला अनिमा एक्का 44 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसने योजना के तहत पति की आग लगाकर हत्या करना कबूल कर घटना का वृतांत बतायी ।

आरोपिया अनिमा एक्का ऊर्फअन्नू पति स्वण् राजू रजक उम्र 44 वर्ष इंदिरानगर लैलूंगा बताई कि उसके पति राजू एक्का शराब पीकर आये दिन झगड़ा मारपीट, गाली गलौच करता था जिससे तंग आकर उसने उसकी पेट्रोल से आग लगाकर हत्या करने का प्लान बनाई और दोपहर को स्वयं पेट्रोल पंप से पेट्रोल खरीद कर लायी । 08 फरवरी की रात को उसने राजू को गांव जाने के बहाने घर से इंदिरा नगर में बन रहे नये मकान में लेकर गई, जहां सोये अवस्था में राजू के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी जिससे राजू की मौत हो गया। लैलूंगा पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्य की जप्ती कर आरोपिया को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। हत्या के जघन्य अपराध में आरोपिया की गिरफ्तारी एवं साक्ष्य संकलन में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े, उप निरीक्षक चन्द्र कुमार सिंगार तथा हमराह स्टाफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

### पॉलिटेक्निक कॉलज कार्यशाला में अग्निवीर भर्ती की जानकारी दी गई



**महासमुंद 12 फरवरी।** पॉलिटेक्निक कॉलेज महासमुंद में अग्निवीर भर्ती में मार्गदर्शन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला रोजगार अधिकारी ए. ओ. लारी एवं कालेज के प्राचार्य चन्द्रिका विश्वकर्मा द्वारा अग्निवीर सेना भर्ती 2024 के संबंध में जानकारी देते हुए युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में भर्ती के लिए पंजीयन करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए भर्ती में सफल होने के लिए तैयारियों के लिए मार्गदर्शन दिया। युवाओं को इस कार्यशाला में बताया गया कि भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु की भर्ती हेतु आवेदन प्रक्रिया ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ हो चुकी है और आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 फरवरी 2024 है। वहीं भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। इस अवसर पर प्रशिक्षण और नियोजन अधिकारी रितेश दुबे , समस्त व्याख्याता एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### भवन अनुज्ञा के बगैर किए गए निर्माण पर नगर पंचायत कर रही जुर्माना



**पत्थलगांव 12 फरवरी।** शहर के भितर सौ से भी अधिक भवन नगर पंचायत से बगैर अनुज्ञा के बनाये गये है,ऐसे मकान मालिको के सामने अब समस्या उत्पन्न होने लगी है,राज्य शासन के निर्देश पर नगर पंचायत की राजस्व टीम द्वारा अब घर-घर जाकर सम्पति एवं समेकित कर की वसूली की जा रही है,इस अभियान मे नगर पंचायत की टीम के सामने अब तक 50 से भी अधिक मकान ऐसे सामने आ चुके है जो बगैर अनुज्ञा के ही धडल्ले से निर्माण कराये गये है,नगर पंचायत के सी.एम.ओ प्रभाकर शुक्ला ने बताया कि नगर पंचायत के राजस्व कर्मचारीयों द्वारा अब तक छः लाख से भी अधिक की सम्पति कर वसूली की जा चुकी है,उन्होने बताया कि कर ना देने की स्थिती मे घर का नल कनेक्शन विच्छेद किया जा रहा है। सी.एम.ओ प्रभाकर शुक्ला ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देश के बाद भी शहर के भितर के अधिकांश मकान बगैर भवन अनुज्ञा के बनाये गये है,जिनके पास जाकर अब उनका कर निर्धारण कर उनसे कर वसूली किया जा रहा है। उनका कहना था कि समय समय पर भवन अनुज्ञा बनवाने के लिए नगर पंचायत द्वारा अपिल किये जाने के बाद भी शहर के भितर दर्जनो ऐसे मकान है, जो भवन अनुज्ञा के बगैर ही बनाये गये है। उन्होने सम्पति एवं समेकित कर का भुगतान समय पर करने की अपिल की है। उन्होने आने वाले समय मे नगर पंचायत की दुकान जिनका किराया लंबे समय से बाकी है उन पर भी कार्यवाही करने की बात कही है। साथ ही कहा है कि नागरिक समय पर कर प्रदान कर असुविधा से बच सकते है,उन्होने बताया कि नागरिको को अपनी जागरूकता का परिचय देकर सरकारी कर का समय पर भुगतान करना चाहिये।

# कुंभ स्थल पर लगेगा राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा का पंडाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 12 फरवरी।** भोग भंडारा में शामिल होंगे समाज के सांसद एवं सभी नवनिर्वाचित विधायकगण प्रथम दिवस समिति के अध्यक्ष लाला साहू अपने स्व. माता-पिता के पुण्य स्मृति में कराएंगे भोजन भंडारा आज दिनांक 11 फरवरी को दोपहर 1:00 बजे साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की आवश्यक बैठक रखी गई समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बैठक में प्रस्ताव रखते हुए कहा कि राजिम कुंभ मेला 2024 में मांघी पुन्नी मेला से महाशिवरात्रि तक राजिम भक्तिन माता का विशाल भंडारा लगाने के संबंध में चर्चा हेतू यह बैठक रखी गई है।भंडारा स्थल में प्रतिदिन मेला में आए हुए हजारों दर्शनार्थ भक्तों एवं श्रद्धालुओं को सेवा भाव के साथ भोजन भंडारा का आयोजन किया जाता है इसी तारतम्य में इस वर्ष भी कुंभ मेला में राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा का आयोजन किए जाने का निर्णय समिति की आवश्यक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। साथ ही साथ भोग भंडारा स्थल में राजिम भक्तिन माता की तैल चित्र एवं राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा का पंपलेट एवं ब्रोशर भी मेले आने वाले श्रद्धालु भक्तों को निशुल्क उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया ।राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा के संचालन के लिए कुंभ मेला प्रशासन से समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने 75 बाई 75 का सर्वसुविधायुक्त पंडाल का मांग किया गया है। समिति की आवश्यक बैठक में अपना विचार



रखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष एवं समिति के सुरंक्षक भुनेश्वर साहू ने कहा कि कुंभ मेला में आए हुए श्रद्धालु भक्तों के लिए भोजन भंडारा का आयोजन पुण्य का कार्य है और यह पुनीत कार्य हमारे साहू समाज के संगठन के द्वारा किया जा रहा है जो की प्रशंसानिय है। और इस पुनीत कार्य में सर्व समाज का सहयोग मिलता है उसे समिति द्वारा सहर्ष स्वीकार किया जाना चाहिए। सांसद सांसद प्रतिनिधि एवं समिति के विशेष आमन्त्रित सदस्य उमेश साहू ने कहा कि कुंभ मेला में भोजन भंडारा का आयोजन धार्मिक कार्य है और जब तक कुंभ मेला में भोजन भंडारा का आयोजन नहीं होता वह कुंभ मेला पूर्ण नहीं होता अतः हम सबको आगे आकर यह धार्मिक कार्य करना है। समिति के आवश्यक बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू समिति के संरक्षक उमेश साहू रूपेंद्र साहू रामू राम साहू अध्यक्ष लाला साहू कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू उपाध्यक्ष नूतन साहू बोधन साहू उमा साहू कोषाध्यक्ष भोला साहू महामंत्री रामकुमार साहू श्याम साहू मिंजून साहू हेमलाल साहू त्रिलोक साहू संगठन मंत्री मिश्रीलाल साहू अंकेक्षक उम्मेन्द्र साहू विशेष आमंत्रित सदस्य डोमार साहू डॉ विश्वनाथ साहू ओषा राम साह कमलेश साहू गोवर्धन साहू रमाशंकर साहू जनकसाहू मोहन मानिकपन संगठन मंत्री ओंकार साहू शैलेंद्र साहू राम रतन साहू नारायण साहू ललित साहू चन्दन साहू नंदू साहू किशोर साहू ओंकार साहू भवानी शंकर साहू मीडिया प्रभारी किशन साहू पूरन साहू महिला प्रकोष्ठ के संयोजिका श्रीमती शारदा साहू श्रीमती सुनीति साहू श्रीमती गीता साहू युवा प्रकोष्ठ के संयोजक ओंकार साहू जिनेंद्र साहू सहित महिला प्रकोष्ठ की सैकड़ो महिलाएं एवं प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# महतारी वंदन योजना के 1900 से अधिक फॉर्म भरे गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया 12 दिसंबर।** 11 दिसम्बरको पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर दीनदयाल सभा भवन में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का बृहद आयोजन किया गया जिसमें केंद्र तथा राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। वहीं महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपने आवेदन जमा करवाए। इस दिन प्राप्त आवेदनों में से 103 आवेदन को ऑनलाइन पंजीकृत भी किया गया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रण भगत, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, दीनदयाल अग्रवाल विजय शर्मा, मुकेश अग्रवाल, दीनानाथ अग्रवाल, सहित भाजपा अनेक कार्यकर्ताओं के साथ प्रेस क्लब सचिव सुनील अग्रवाल पत्रकार, मनीष अग्रवाल सहित नगर के अन्य पत्रकार गणों की उपस्थिति रही। वहीं महिला बाल विकास की सुपर वाईजर पुनीता दर्शन, सावित्री केशरवानी, खुशबू विश्वकर्मा, ममता मेहरा सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महतारी वंदन योजना के 2000 से अधिक आवेदन जमा किए। कार्यक्रम में उपअभियंता रेखलाल सिन्हा, आरआई नरेश महिष, लेखापाल रामकुमार बंजारे एवं नीता कंवर और राधा उरांव ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि की जानकारी आमजनों को प्रदान की । कार्यक्रम का सफल संचालन विकासखंड खेल अधिकारी रामगोपाल पटेल द्वारा किया गया। वहीं सीएमओ विक्रण भगत द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके सराहनीय योगदान को लेकर सम्मानित किया गया।



### 19 फरवरी हिंदू शौर्य यात्रा निकाल कर मनाई जाएगी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**राजनांदगांव 12 फरवरी।** छत्रपति शिवाजी धर्मरक्षक समिति द्वारा आयोजित शिवाजी जन्म उत्सव 19 फरवरी को संस्कारधानी में हर्षोल्लास से हिन्दू शौर्य यात्रा के रूप में मनाने का निर्णय विभिन्न हिंदू संगठन, समिति एवं समाज के सहभागिता से लिया गया, 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती, शिवाजी जन्मोत्सव दोपहर 2:00 बजे से महावीर चौक से शोभा यात्रा निकाल कर मनाया जायेगा। समिति द्वारा बताया गया कि यह शिवाजी जन्म उत्सव का शानदार 4था वर्ष है, प्रथम 2 वर्ष में भव्य शोभायात्रा निकालकर शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज के मूर्ति की मांग की गई थी और तृतीय वर्ष समिति की मांग पर छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित होने के पश्चात राजतिलक कार्यक्रम कर मनाया गया था।

# कलेक्टर ने मेला स्थल पहुंचकर विकास कार्यों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 12 फरवरी।** कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज राजिम कुम्भ कल्प के आयोजन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। इस संबंध में उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मेला स्थल में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मेला के विकास के लिए जारी कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने प्रगतिरत कार्यो का अवलोकन कर निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई,एसडीएम राजिम श्री धनंजय नेताम सहित



अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि राजिम कुम्भ कल्प मेला का आयोजन 24 फरवरी से 08 मार्च 2024 तक प्रस्तावित है। कलेक्टर ने कुम्भ मेला स्थल नदी में मेला अवधि के दौरान जल स्तर को पूर्ण व्यवस्थित एवं नियंत्रित करने, गंगा आरती के लिए कुम्भ का निर्माण करने, कुम्भ स्नान से पहले पानी पर्याप्त मात्रा में पहुंचाने, लक्ष्मण झुला के पास में सुरक्षा की दृष्टि से कन्ट्रोल रूम बनाने, पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरा लगाने, साइनेजेस की व्यवस्था करने, पार्किंग स्थल बनाने, साफ-सफाई कराने, शासकीय विभागों का स्टाल लगाने, दुकानों का आबंटन करने सहित अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

## जिस घर में बेटी, बहन और मां एक साथ खिलखिला कर हंसती है उस घर में वास्तु दोष नहीं होता: सिन्हा

# शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम में योजनाओं की दी गई जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 12 फरवरी।** महिला स्व सहायता समूह सशक्तिकरण एवं सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का सामाजिक सहभागिता के माध्यम से संकल्प से शक्ति, संगठन में समृद्धि किए जाने के उद्देश्य से शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का आयोजन डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल) महासमुंद में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व पार्षद गणों ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि शक्ति वंदन अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करने के साथ



महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जागरुकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है और इसमें मातृ शक्ति का योगदान बढ़ रहा है। विधायक सिन्हा ने कहा कि जिस घर में बेटी, बहन और मां एक साथ खिलखिला कर हंसती है उस घर में वास्तु दोष नहीं होता। कार्यक्रम में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में नागरिकों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, नगर पालिका अध्यक्ष तुमगांव राकेश चंद्राकर, स्थानीय जनप्रतिधि पार्षद मीना वर्मा, मनीष शर्मा, देवीचंद राठी, महेंद्र सिक्का, पवन पटेल, महेंद्र जैन, गंगाराम साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम में उपस्थित आमजनो को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ शैल नाविक द्वारा महतारी वंदन योजना, सामूहिक कन्या विवाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## समाचार संक्षेप

### साहू समाज की बैठक में एकजुटता पर चर्चा



**राजिम 12 फरवरी।** परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण (नवागांव) की सामाजिक बैठक नवागांव में संपन्न हुआ। इस बैठक में सामाजिक गतिविधि, सामाजिक एकजुटता पर चर्चा करते हुए समाज मे आए हुए विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा के पूजा अर्चना के साथ हुआ।इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू ने कहा कि एकता में बड़ी ताकत होती है।ऐसे मौके पर सामुहिक एकजुटता बहुत जरूरी है।संगठित समाज ही विकास की दिशा में आगे बढ़ सकता है।उन्होंने आगे कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है. संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होती है.इस अवसर पर दूज राम साहू (जिला न्याय प्रकोष्ठ), प्रेमलाल साहू(रीवा परिक्षेत्र) परिक्षेत्र साहू समाज चम्पारण अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, उपाध्यक्ष गंगू राम साहू, सचिव कृष्णा साहू , अंकेक्षक पारसमनी साहू,1 लीला राम साहू पूरन लाल साहू ,रामकुमार हिरवानी,हीरालाल साहू,मालिक राम साहू, मतवार साहू, गुहा राम साहू,देवकुमार साहू, ताराचंद साहू, मुकेश साहू गोपाल साहू, बिसौहा राम साहू, टेक राम साहू,ललित साहू, पीतांबर साहू,आशाराम साहू,बालमकुन्द साहू, रवि साहू,श्यामलाल साहू,राजेश साहू,पार्वती साहू, गीतू रानी, सुनीता साहू महेश साहू,बसंत साहू, तीजलाल साहू, सामाजिक पदाधिकारीगण व स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

### हाईस्कूल मैदान में 13 से पालिका प्रीमियर लीग

**महासमुंद 12 फरवरी।** शहर के हाईस्कूल मैदान में 13 से 19 फरवरी तक पालिका प्रीमियर लीग 2024 रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट का आयोजन किया जा रहा है। पालिका प्रीमियर लीग के तत्वावधान में प्रेसीडेंट कप क्रिकेट टूर्नामेंट में पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग सहित सभी पार्षदगणों की क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी। लीग का फाइनल मैच 19 फरवरी को निर्धारित है। आनलाइन आप्शन के बाद क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाडियों का चयन कर सभी टीमों के प्रायोजक पार्षदों ने अपने टीमों को खिताबी भिड़ंत के लिए तैयार कर लिया है।

**प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए :** लीग में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रुप में प्रोत्साहन राशि एक लाख रुपए एवं ट्राफी तथा द्वितीय पुरस्कार के लिए प्रोत्साहन राशि पचास हजार रुपए एवं ट्राफी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक मैचों में विभिन्न उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। इस संबंध में सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। हाईस्कूल मैदान को नए सिरे से नया रुप दिया गया है। नया सीमेंट पिच का निर्माण भी किया गया है तथा रात्रिकालीन मैचों को देखने दर्शक दीर्घा की उचित व्यवस्था की गई है।

**इन टीमों की होगी भिड़ंत :** पालिका प्रीमियर लीग में प्रतिभागी टीमों के नाम एवं प्रायोजक पार्षदगणों में क्लीन सिटी क्रिकेट टीम (नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग), महासमुंद इलेवन (पार्षदगण-पवन पटेल एवं मंगेश टांकसाले), गोंडवाना इलेवन (पार्षदगण - राजेंद्र चंद्राकर एवं डमरुधर मांझी), उत्कल इलेवन (पार्षद गण-माधवी महेन्द्र सिका एवं हाफिज कुरैशी), विमल वारियर्स (पार्षदगण- देवीचंद राठी एवं मीना वर्मा), महाकाल इलेवन (पार्षदगण- बबलू हरपाल), अयोध्या 22 (पार्षद गण-सरला गोलू मदनकार एवं उर्मिला साहू), किंग्स 20-(पार्षदगण- महेंद्र जैन एवं अमन चंद्राकर), आरएम इलेवन (पार्षदगण-मनीष शर्मा एवं रिंकू चंद्राकर), स्वीट पायजन (पार्षद गण- प्रीति बादल मक्कड़) शामिल है।

### सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाना है अभियान का लक्ष्य: प्रदीप

**महासमुंद 12 फरवरी।** गांव चलो अभियान के जिला प्रभारी और स्थानीय वार्ड 24 के प्रभारी प्रदीप चंद्राकर की उपस्थिति में 11 फरवरी को बूथ समिति की बैठक एवं वार्ड में जनसंपर्क कर अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी गयी। वार्ड 24 सुभाष नगर क्षेत्र में गांव चलो अभियान के प्रभारी के रूप में पहुंचे प्रदीप ने स्थानीय बूथ समिति के सभी सदस्यों और नागरिकों से गांव चलो अभियान के कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्वकर्ता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत देश का चौमुखी विकास हुआ है। मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने गांव, गरीब, मजदूर, किसान सहित सभी वर्गों के विकास के संकल्प के साथ योजनाएं बनाकर सबका साथ सबका विकास के संकल्प को पूरा किया है। वार्ड में जनसंपर्क और नागरिकों से चर्चा के दौरान प्रदीप ने केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नही इसकी जानकारी भी लिया। जिला प्रभारी प्रदीप ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता नागरिकों तक पहुंचकर उन्हें भाजपा की सरकार की जनहित की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिला सके। यही गांव चलो अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से हो रहा है और उसका लाभ जरूरतमंदों को मिल सके, ये हम सभी का प्रयास है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में ग्रामीणों की आर्थिक उत्थान के लिए अनेक योजनाओं को लागू किया है, जिसका परिणाम आज भारत की आर्थिक तरक्की के रूप में दिखाई दे रहा है। प्रभारी प्रदीप ने केंद्र की भाजपा सरकार की जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास, नलजल, शौचालय निर्माण, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री बीमा, उज्ज्वला गैस योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं के हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में जनसमर्थन प्रदान करने का आह्वान किया।

## एक नजर

### विधायक इन्द्र साव ने बजट में अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत करवाये करोड़ो रुपए

**भाटापारा 12 फरवरी।** विधायक इन्द्र साव द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट के पूर्व



विधानसभा के विभिन्न कार्यों को स्वीकृत करवाने संबंधित विभाग के मंत्रियों से अनुशंसा की थी। जिसे बजट में शामिल किया गया है। इन कार्यों के हो जाने पर विधानसभा में निवासरत आम आदमी को ढ़ेर सारी सुविधाएं प्राप्त हो जायेगी। स्वीकृत कार्यों में, भाटापारा-सेमरिया-चंदखुरी मार्ग पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण 8 करोड़ 80 लाख रूपए, अडबंधा से करहुल मार्ग लं. 2.00 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 4 करोड़ 40 लाख, अडबंधा से चंदियापथरा मार्ग लं. 3.00 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 6 करोड़ 60 लाख, कोलिहा से रोहरा मार्ग लं. 3.00 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 6 करोड़ 60 लाख, मर्राकोना संजारी नवागांव मार्ग लं. 2.50 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 5 करोड़, कोसमंदा ,बेन्द्री, खैरी, बोरसी मार्ग लं. 3.80 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 3 करोड़ 80 लाख, दतरेंगा से बिजराडीह मार्ग लं. 6.20 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 5 करोड़ 50 लाख, पौंसरी पहुंच मार्ग 2.50 कि.मी. में डामर मजबूतीकरण कार्य 5 करोड़ रूपये बजट में शामिल किए गए। इसके लिए विधायक इन्द्र साव ने लोक निर्माण मंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि इन्हीं स्वीकृत कार्यों को करवाने हेतु स्थानीय विधायक इन्द्र साव ने उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव को दिनांक 09/01/2024 को एवं दिनांक 19/01/2024 को पत्र लिखकर उक्त कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया था तभी उपरोक्त कार्य स्वीकृत किये गए।

### नालंदा परिसर के निर्माण से राजनांदगांव के छात्रों को परीक्षा की तैयारी में मिलेगा लाभः अभिषेक सिंह

**राजनांदगांव 12 फरवरी।** पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नालंदा परिसर की तरह राजनांदगांव में भी ऑक्सी रीडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा, जिससे यूपीएससी,पी एस सी,परीक्षा की तैयारी कर रहे एवं अन्य प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को उच्च स्तर की पढ़ाई में बहुत मदद मिलेगी । मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर नालंदा परिसर में भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर बनी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए इसकी घोषणा की की राजनांदगांव में भी नालंदा परिसर की तरह रीडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि राजनंदगांव संस्कारधारी नगरी है और यहां के छात्र छात्रों को नालंदा परिसर के निर्माण से पढ़ाई में सुविधा मिलेगी और उनका रिजल्ट बेहतर होगा, साथ ही पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने जोर देकर कहा कि राजनांदगांव के साथ विगत 5 वर्षों में भूपेश सरकार ने जो उपेक्षा की थी, उसकी भरपाई करते हुए राजनांदगांव को पुनः ऊंचाइयों की ओर ले जाने हेतु वह हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

### यात्रियों से भरी बस हादसे का शिकार हुई, 10 से अधिक घायल

**कोरबा, 12 फरवरी।** कोरबा में यात्रियों से भरी बस सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में बस में सवार 10 से अधिक यात्री घायल हो गए। वहीं हेल्पर की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना के बाद ट्रेलर वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। दरअसल, कोरबा से चलने वाली राजधानी बस सुबह लगभग 7 बजे कोरबा से सरायपाली के लिए निकली, जिसमें काफी संख्या में यात्री सवार थे। कोरबा से होते हुए यात्री बस जब चांपा के आगे पहुंची। इस दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने बस के पीछे के हिस्से को जोरदार टक्कर मार दी। इससे बस में सवार यात्रियों में कोहराम मच गया और यात्री चीख-पुकार मचाने लगे। इस हादसे के बाद ट्रेलर वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। कुछ यात्री ट्रेलर वाहन चालक को पकड़ने की कोशिश जरूर की, लेकिन वह भागने में सफल हो गया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में बस पर सवार 10 से अधिक यात्रियों को चोंटे आई हैं। बस चालक की मानें तो अगर समय रहते वह ट्रेलर वाहन से बचने बस को सामने मोड़ दिया था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। यात्री 26 वर्षीय हेमा यादव मुड़ापार निवासी ने बताया कि वह किसी काम से कोरबा से ताला देवरी गांव जा रही थी। वह भी उसी बस में सवार थी। जहां सीट नहीं मिलने के कारण खड़ी हुई थी। हेमा ने बताया कि सामने से आ रहा है ट्रेलर वाहन अनियंत्रित हो गया, जहां बस के चालक ने किसी तरह बचाने का प्रयास जरूर किया। लेकिन ट्रेलर सामने हिस्से को ना मार कर बस के पिछले हिस्से को मारते हुए आगे निकल गया।

### जिला परिवहन विभाग को 55 स्कूल बसों की जांच में दो में मिली खामी

**कोरबा , 12 फरवरी।** स्कूल बसों का संचालन सुप्रीम कोर्ट के तय गाइडलाइन के अनुरूप किया जाना है। ऐसा नहीं किए जाने पर कार्यवाही का प्रावधान है। जिला परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहनों की जांच की जाती है। इस कड़ी में रविवार को पीजी कॉलेज खेल मैदान में जिला परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के अलावा चालकों का नेत्र परीक्षण भी कराया गया।

जांच के लिए 55 स्कूल बसें पहुंची हुई थी। सभी बसों में सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन के तहत फर्स्ट एड बॉक्स, सेफ्टी टूल्स, चालक, परिचालक के ड्रेस, बसों में स्कूल के नाम और कांटेक्ट नंबर सहित अन्य चीजों की जांच की गई। जिसमें दो वाहनों में स्कूल के नाम और नंबर लिखा नहीं पाया गया। जिन्हें स्कूल का नाम और कांटेक्ट नंबर लिखने निर्देश दिया गया। वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण में दो चालकों में आंखों की समस्या मिली। जिन्हें मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# गांव चलो-घर घर चलो अभियान से भाजपा नेताओं ने जानी जमीनी हकीकत

**रायपुर 12 फरवरी।** जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्यक्रम गांव चलो घर-घर चलो अभियान 7 से 11 फरवरी तक चलाया गया जिसमे कार्यशाला से लेकर प्रवास तक का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था उसी कड़ी में रायपुर शहर जिला में निवासरत भाजपा के वरिष्ठ नेताओ का प्रवास मंडलवार तय किया गया था जिसमे रायपुर शहर जिला के सभी 16 मंडलों में बुधवार से प्रवास की शुरुवात की गई थी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जनता के बीच पहुंचने और भाजपा की योजनाओं को पहुंचाने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है जिसमे केंद्र द्वारा निर्धारित निर्देशानुसार भाजपा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की तमाम जन हितैषी योजनाओं को देश के हर गांव हर घर तक भाजपा कार्यकर्ताओं की मदद से पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमे प्रत्येक घर से कार्यकर्ताओ का सीधा संपर्क हो सके इस अभियान के क्रियान्वयन हेतु जिला पदाधिकारियों , मंडल पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को अलग अलग स्थानों का दायित्व सौंपा गया था जिसकी लोकसभा , विधानसभा और मंडल स्तरीय मॉनिटरिंग भी की गई । जैसा कि इस अभियान के नाम गांव चलो घर घर चलो से ही स्पष्ट है की हम सभी छोटे बड़े भाजपा कार्यकर्ताओं लोकसभा चुनाव के पूर्व देश के हर मतदाता के घर पहुंचना है और केंद्र में भाजपा और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से केंद्र में स्थापित करना है भाजपा नेताओ ने कहा की हम जनता के बीच खाली हाथ नहीं जा रहे देश में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने हर वर्ग को किसी न किसी योजना के माध्यम से लाभान्वित किया है और उन्ही योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना , उज्वला योजना , नारी अस्मिता की रक्षा के लिए हर घर शौचालय योजना , कोरोना काल में केंद्र द्वारा स्वास्थ्य एवं खाद्य संबंधी तमाम आपूर्ति , किसान सम्मान निधि , फसल बीमा योजना जैसी तमाम योजनाएं लेकर जनता के द्वार पर पहुंचे जहां जनता का भरपूर सकारात्मक प्रतिसाद मिला ।

गांव चलो घर घर चलो अभियान के रायपुर जिला संयोजक गोपी साहू ने बताया की कार्यक्रम में प्रवास हेतु विशेष रूप से रायपुर जिला के अंतर्गत निवासरत सांसद, मंत्री, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, पार्षदगण, महिला मोर्चा युवा मोर्चा एवं समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को अपने अपने विधानसभा के अंतर्गत गाँव हो या वार्ड प्रवासी के रूप में 24 घंटे का समय कार्यकर्ता के साथ जनता के बीच हर बूथ के हर घर में संपर्क अभियान किया गया 7 अभियान की सफलता के लिए मंडल अभियान समिति में संयोजक सहसंयोजक के साथ-साथ ग्राम और नगर के संयोजक भी बनाया गया था व हर कार्यकर्ता को गाँव और 1015 बूथों में संपर्क की जिम्मेदारी दी गई थी 7 आज 11 फरवरी प. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर गांव चलो घर घर चलो के इस समय समर्पण का यह अभियान हम उनको ही समर्पित कर रहे है। गांव चलो घर घर चलो अभियान के अंतर्गत मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं विधायक मोतीलाल साहू, ग्राम पंचायत कांदुल में केंद्र सरकार की योजनाओं को लोगों को बताकर योजनाओं में लाभांवित लोगों से जनसंपर्क किये, विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने डी.डी. नगर वार्ड के सेक्टर 4 में और खमतराई वार्ड में जनचौपाल लगाकर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। विधायक पुरंदर मिश्रा महात्मा गाँधी वार्ड के लोधीपारा में लोगों से जनसंपर्क किया, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड के तेलीबांधा चौक में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मौली मंदिर में दर्शन किये, वहाँ के पुजारी जी से चर्चा कर संघ बस्ती प्रमुख जी के घर मुलाकात कर जनसंपर्क किया 7 भाजपा जिलाध्यक्ष जयंती पटेल ग्राम बोरियाकला में जनसंपर्क कर लोगों को केंद्र की योजनाओं के साथ साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किये गए वादों को पूरा करने की बात जनता के बीच कही औरक्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर लोगों जनसंपर्क किया गया।

# घर की बाड़ी में अंग्रेजी शराब छुपाकर रखने वाले शराब कोचिया के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**लवन 12 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिला में शराब, जुआ सट्टा जैसे कारोबार में संलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में टीम गठित कर दिनांक 11/02/24 को विशेष अभियान चलाकर मुखबीर लगाकर ग्राम गिंदोला में मंतराम निराला द्वारा अपने बाडी में बिक्री करने के लिए अंग्रेजी शराब रखने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही किया गया एवं आरोपी मंतराम निराला पिता मुकुंतराम निराला उम्र 58



साल सा0 गिंदोला कब्जे से बाडी में रखे एक पीला रंग के थैला में 10 पाव बाम्बे गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब, 7 पाव सिंडीकेट व्हीस्की शराब एवं 33 पाव सीजी फाईन प्रीमियम व्हीस्की जुमला 9 ली0 किमती 6000रू0 को बरामद कर जप्त किया गया है एवं आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अवैध शराब जुआ के विरुद्ध प्रतिबद्ध लवन पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक धनंजय यादव, विनोद बांधे, आरक्षक पल्लव सिंह, भुनेश्वर कोसले एवं म0आर0 लोकेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।

# विकास के माध्यम से हर क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने वाला है यह बजट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल 12 फरवरी।** भाजपा प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने सदन में छत्तीसगढ़ की जनता की उम्मीदों पर , आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट दिया है ! बजट मोदी की गारंटी को आगे बढाने वाला होगा ! यह बजट युवाओं , बुजुर्गो , महिलाओं , किसानों एवं विविध वर्गों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक साबित होगा ! उन्होंने आगे कहा कि बजट विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना पर आधारित बजट है ! छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए इस बजट में हर पहलू को ध्यान दिया गया है ! शिक्षा , स्वास्थ्य , बुनियादी सुविधाएं , पेयजल , घर -घर नल जल योजना , अधोसंरचना सहित समाज के अंतिम व्यक्ति तक की चिंता की गई है ! विकास के माध्यम से हर क्षेत्र में तस्वीर व तकदीर बदलेंगे ; यही मोदी की गारंटी है ! जिसके लिए हम सब तन-मन से जुड़े हुए हैं ! इस बजट में समाज के हर वर्ग की चिंता की गई है ! इस परिकल्पना के साथ कि हम विकास की हर संभावनाओं के लिए जुटेंगे! इस बजट में महतारी वंदन योजना , किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान मूल्य के अंतर राशि का भुगतान , प्रधानमंत्री आवास , जल- जीवन मिशन , राम लला दर्शन , मुफ्त ईलाज , भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए प्रावधान सहित मोदी की कई गारंटियों को पूरा करने का प्रावधान किया गया है ! राज्य की आय , बिना किसी पर कर (टैक्स ) का बोझ डालें 22त्न तक बढ़ाने का लक्ष्य





प्रशंसनीय है ! प्रदेश के हर क्षेत्र , हर विभाग , हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान किया गया है जिससे छत्तीसगढ़ के लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी ! सुशासन से लोगों का जीवन बेहतर बनेगा ! बीपी साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट आने वाले कई वर्षों तक विकास की दिशा व दशा को संभालने वाला बजट है ! यह बजट सभी वर्गों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने वाला , सपने को साकार करने वाला है ! पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत 17 हजार 529 करोड़ , रोजगार के लिए 2788 करोड़ रुपए व पीएमजीएसवाय के लिए आवश्यक 841 करोड़ रुपए का प्रावधान करके सरकार ने आधारभूत संरचना को विकसित करने पर फोकस किया है ! छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार का यह बजट अमृतकाल के नींव का पत्थर साबित होगा। सबका साथ , सबका विकास , सबका विश्वास , सबका प्रयास को अंगीकार करने वाला यह बजट है ! मोदी की गारंटी अल्प समय में धरातल में लाने वाला यह बजट , छत्तीसगढ़ को विकास की ओर ले जायेगा और स्वर्णिम भविष्य को लिखेगा !

### अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 शराब कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लवन 12 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, एसडीओपी बलौदाबाजार श्रीमती निधि नाग के निर्देशन एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 11.02.2024 को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल के माध्यम से देशी मसाला शराब ले जाते हुए 02 शातिर शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से ?6820 कीमत मूल्य का कुल 60 पाव देशी मसाला शराब तथा अवैध रूप से शराब ले जाने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल छ्त्र04 क्ध्र 7580 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 99/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



# शराब के अवैध धंधे में संलिप्त 3 लोगो के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**लवन 12 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिला में शराब जुआ, सटटा आपराधिक आचरण वाले कारोबार में संलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति0 पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में टीम गठित कर दिनांक 10/02/24 को विशेष अभियान चलाकर ग्राम खैरा, दतान, एवं तिल्दा में अलग अलग टीम गठीत कर 6 लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रु व 18 पाव अंगेजी शराब कीमत 2160 रू एवं देशी प्लेन शराब 22 पाव कीमत 1760 रू कुल जुमला 13.2 लीटर किमत 4200 रू को किया गया जप्त किया गया है एवं आरोपीगण 1. विश्राम डहरिया पिता





स्व0 अमरू डहरिया उम्र 60 साकिन तिल्दा 2. प्रेमलाल चेलक पिता बुल्कु चेल उम्र 52 साल साकिन दतान के विरूद्ध आबकारी अधिनियम धारा 34 ए आब0 ए0 के तहत कार्यवाही की गई एवं आरोपी भुपेन्द्र बंजारे पिता नारायण बंजारे उम्र 20 साल साकिन खैरा के विरूध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में सउनि डी0 एन माथुर प्रधान आरक्षक, नान्हुराम नवरंगे रामकृष्ण पटेल, विनोद बांधे एवं आर0 केशव भटट, महेश भारती, भिमेन्द्र पैकरा मुनेश्वर कोसले महिला आर0 लोकेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।

### सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष की बजट पर तीखी प्रतिक्रिया

# भाजपा ने जनता के लिए नहीं भाजपाइयों के लिए बनाया है यह बजट: राजू साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के विष्णु देव साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपना पहला बजट पेश किया है जिसको लेकर सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष व कांग्रेस के जिला प्रवक्ता राजू साहू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है उन्होंने कहा कि जहां-जहां पर क्ख्क्क के विधायक है सिर्फ उन्हीं इलाकों को विकास कार्यों की सौगात दी गई है और हमारे क्षेत्र को पूरी तरह नज़रअंदाज़ किया गया है लेकिन यहां जनता सब देख रही है,पहला बजट कुछ खास नहीं रहा,यह जनता और सरकार के बीच दूरी बनती हुई बजट है क्योंकि सीधे-सीधे जनता किसी सरकार की योजना से जुड़ पाए, ऐसा इस बजट में देखने को नहीं मिला है. उन्होंने महतारी वंदन योजना पर छत्तीसगढ़ की डिप्टी सीएम के बयान को लेकर भी आलोचना की है,उन्होंने कहा कि यह



छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ वासियों का नहीं बल्कि भाजपा और भाजपाइयों के लिए बनाया गया बजट है।

राजू साहू ने कड़े शब्दों में कहा कि पहले कहा गया था कि महतारी वंदन योजना का लाभ सभी को मिलेगा और कलेक्टर की पत्नी को भी मिलेगा,सरकार में आज डिप्टी सीएम रहे उनके नेताओं ने ऐसा बयान दिया था लेकिन आज इतने मापदंड तय किए गए हैं जिसको पूरा कर पाना हर एक महिला के लिए संभव नहीं है,केवल वह चुनावी वादे थे और अब ऐसा है कि मापदंड के मुताबिक, हर महिला इसके लिए पात्र साबित नहीं हो पा रही है।।

उन्होंने कहा कि चुनाव के समय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक घरों में यह महतारी वंदन योजना के फॉर्म लेकर पहुंचे थे हर एक महिलाओं से यह फॉर्म भराया गया था लेकिन आज कहा जा रहा है कि एक परिवार से केवल एक ही महिला को इसका लाभ मिलेगा,यह केवल चुनावी षड्यंत्र था जिसके जाल में लोग फंस गए हैं अब इतने सारे नियम शर्त व कानून बताई जा रहे हैं कि महिलाएं परेशान हैं, यहां तक की महिलाएं जब आवेदन करने सेंटरों में पहुंच रहे हैं तो उन्हें 10 रुपए से लेकर 50 रुपए तक अतिरिक्त खर्च कर फार्म खरीदने पड़ रहे हैं,साथ ही कार्यालय के चक्कर भी काटने पढ़ रहे हैं।

विधवा महिलाएं जिन्हें पेंशन के रूप में पहले से 500 रुपए की राशि मिलती थी, उसे महतारी वंदन योजना में मर्ज किया जा रहा है. यह विधवा महिलाओं के साथ पूरी तरह भेदभाव है,उन्होंने कहा कि अब जब 1000 रुपए प्रति माह देने की बारी आ रही है,तो विधवा महिलाओं के 500 रुपए काटकर केवल उन्हें 500 रुपए के लिए पात्र बनाया जा रहा है,क्या यह महिलाओं के अधिकार छीनने वाली सरकार नहीं है? मैं इसकी कड़ी आलोचना करता हूँ।

राजू साहू ने बताया कि कारपोरेट सेक्टर को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आत्मानंद स्कूलों को बंद किया जा रहा है,उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने गरीब वर्ग को अच्छी शिक्षा देने के लिए आत्मानंद स्कूल शुरू किए थे,इसकी गुणवत्ता के चलते कई निजी विद्यालय बंद होने के कगार पर थे, जिसे बचाने और निजी विद्यालयों को लाभ देने के लिए आत्मानंद स्कूलों को बंद कराया जा रहा है,इससे पता चलता है कि यह सरकार गरीब वर्ग के साथ नहीं बल्कि कॉरपोरेट सेक्टर के लोगों के साथ है।

## समाचार संक्षेप

### बारिश,हवा से मिल का टिन शेड उड़ा

**भाटापारा 12 फरवरी।** रविवार 11 फरवरी शाम मौसम का मिजाज



बदलने और तेज हवा पानी के चलते खोखली स्थित एसएसडी पोहा उद्योग मे भारी नुकसान हुआ नुकसान का अनुमान 30 से 35 लाख का बताया जा रहा है। शाम तेज गरज के साथ हवा तूफान शुरु हुआ जिसके चलते मिल मे लगे टीन हवा मे उखड गये वही टीन का शेड उखडने की वजह से इस दौरान लगभग आधे घंटे तक हुई तेज बारिश का पानी मिल के अंदर घुस गया जिससे वहां रखे बडी मात्रा पोहा के साथ साथ आटोमेटिक मशीन को नुकसान पहुंचा मिल के अंदर पोहा मे पानी चले जाने से खराब हो गया वही मशीनो को भी पानी के चलते नुकसान हुआ।

### नक्सलियों ने अगवा किए 4 लोग, ले गए जेसीबी



**सुकमा 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा से चौंकाने वाली खबर है. जगरगुंडा थाने से नक्सलियों ने 4 लोगों को अगवा कर लिया है. अगवा लोगों में तीन मजदूर एक ठेकेदार शामिल है. नक्सली ठेकेदार की जेसीबी भी साथ ले गए हैं. बताया जाता है कि यह ठेकेदार नल जल मिशन योजना पर काम कर रहा था. यह घटना जगरगुंडा के सुदूर इलाके में 11 जनवरी को घटी. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जगरगुंडा इलाके में जल जीवन मिशन का कार्य चल रहा था। इस काम में चार मजदूरी भीड़े हुए थे। इसी दौरान नक्सलियों ने मजदूरों को अगवा कर लिया। इस घटना के बाद मजदूरों के परिवारजनों ने की नक्सलियों से रिहाई की अपील की है। घटना कल शाम की बताई जा रही है। इस घटना के बाद मजदूरों के परिजन परेशान हो रहे हैं. उन्होंने नक्सलियों ने उनके घरवालों को लौटाने की अपील की है. गौरतलब है कि ये गांव जगरगुंडा थानाक्षेत्र के सिंगराम का है. यह इलाका घोर नक्सली प्रभावित क्षेत्र है. यह बीजापुर व सुकमा का सरहदी इलाका है. यहां नक्सली जो चाहते हैं वो करते हैं.

### विजय शर्मा ने कहा-बस्तर के अंदरूनी इलाके में विकास और सुविधाएं बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**सुकमा 12 फरवरी।** बस्तर अंचल के धुर माओवाद आतंकवाद से प्रभावित सुकमा जिले के अंदरूनी ग्राम पंचायत सिलगेर के इत्तापारा में करीब एक वर्ष से बंद बिजली अब फिर से शुरू हो गई तो रौशन हुए गांव के लोग काफी उत्साहित हैं। बस्तर का यह इलाका सुकमा और बीजापुर जिले का सरहदी क्षेत्र है,जो बीजापुर जिले की सीमा से आसान पहुंच में है। गांव में पहुंची बिजली से अब ग्रामीण काफी खुश हैं और ग्रामीणों ने इस सार्थक प्रयास के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जो अभी हाल ही में सिलगेर का भ्रमण कर चुके हैं उन्होंने इत्तापारा को बिजली की रौशनी से जगमगाने पर ट्विटर के जरिए क्षेत्रवासियों को बधाई देते कहा कि बस्तर के अंदरूनी ईलाके में विकास और सुविधाएं बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। राज्य सरकार इस दिशा में सुरक्षा,विकास तथा सुविधाओं को मुहैया कराने के लिए कटिबद्ध होकर पहल कर रही है। ज्ञातव्य है कि हाल ही में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को सिलगेर प्रवास के दौरान ग्रामीणों ने बन्द बिजली को बहाल करने सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता हेतु मांग की थी। जिसपर उप मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर गांव में जल्द बिजली पहुंचाने आश्वस्त किया गया था। अब जब इत्तापारा में बिजली पहुंची तो उन्होंने सिलगेर ग्राम पंचायत के सरपंच कोरसा सन्नू को फोन कर बिजली पहुंचने की जानकारी ली और अन्य सुविधाओं की सुलभता सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही उक्त ईलाके में संचालित विकास कार्यों को द्रुत गति से चलाया जाकर पूर्ण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं।

### अडानी का हुआ लैंको पॉवर

कोरबा, 12 फरवरी (आरएनएस)। अडानी समूह की बिजली कंपनी अडानी पावर के लिए एक नई डील का रास्ता साफहो गया है। पिछले कई सालों से वित्तीय संकटों से जूझ रही कोरबा की पावर कंपनी लैंको अमरकंटक के लिए रिजॉल्यूशन प्रोसेस में अडानी पावर को विनर मान लिया गया है। ईटी की एक रिपोर्ट के अनुसार कर्ज में फंसी कंपनी लैंको अमरकंटक पावर के लिए बुधवार को अडानी पावर को विनर चुन लिया गया। रिपोर्ट में मामले से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि अडानी पावर ने लैंको अमरकंटक पावर के लिए 4, 101 करोड़ रुपये का ऑफर पेश किया था। अडानी पावर को नीलामी में रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन की अगुवाई वाले एक कंसोर्टियम से टक्कर मिलने की उम्मीद थी, लेकिन दोनों प्रतिस्पर्धियों ने नीलामी में हिस्सा नहीं लिया. हालांकि अभी इस बारे में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। न तो रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल सौरभ कुमार टिकमणि ने इस बारे में कुछ कहा है, न ही अडानी समूह की ओर से अभी कोई अपडेट दिया गया है।अडानी समूह ने पिछले साल नवंबर में सबसे पहले 3, 650 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था। उसके बाद अडानी ने अपने ऑफर में सुधार करते हुए दिसंबर में उसे बढ़ाकर 4, 101 करोड़ रुपये कर दिया था। वहीं नवीन जिंदल की कंपनी जिंदल पावर ने प्रक्रिया में दिलचस्पी दिखाते हुए 12 जनवरी को आवेदन किया था। जिंदल पावर ने 100 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी के साथ 16 जनवरी को 4, 203 करोड़ रुपये का ऑफर पेश किया था, लेकिन बाद में कंपनी अपनी बोली वापस लेते हुए पीछे हट गई थी। लैंको अमरकंटक पावर की रिजॉल्यूशन की प्रक्रिया और अडानी के विनर बनने की कहानी काफी दिलचस्प है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुरानी यादों को किया ताजा

**रायपुर 12 फरवरी।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पं.रवि शंकर विश्वविद्यालय पहुंचे थे। इस दौरान चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल के विद्यार्थियों ने उनका भव्य स्वागत किया। यूनिवर्सिटी के फैकल्टी कुल सचिव कुलपति ने भी गाजेबाजों और पटाखों के साथ उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया था। दरअसल विश्वविद्यालय के इस हॉस्टल में अपनी पुरानी याद को ताजा करने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे थे। मीडिया से बातचीत करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भावुक हो गए, उन्होंने काह कि, आजाद हॉस्टल अपने आप में ऐतिहासिक है। मैं यहां पर बहुत लंबे समय तक रहा हूं, यहां से जुड़ी बहुत सी यादें हैं। आजाद के बच्चे सबसे अच्छे हैं। आजाद हॉस्टल का अपने आप में एक इतिहास रहा है।

### अवैध शराब बेचते 7 गिरफ्तार

**रायपुर, 12 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 149 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 1040 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार माना पुलिस ने ग्राम बनरसी पाठशाला के पास आरोपी खेलू गोस्वामी 37 वर्ष के पास से 34 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम चीचा में आरोपी संदीप बंजारे 35 वर्ष व अमृत वर्मा 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 22 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 450 रुपए जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र सिसोदिया 30 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी प्रकाश देवांगन 32 वर्ष व कृष्णा साहू 71 वष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 38 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी देवा महेश्वरी 32 वर्ष के पास से 20 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 340 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 12 फरवरी।** भनपुरी स्थित सांता स्वीट्स के पास मामूली विवाद को लेकर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकाय पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लव सिंह 29 वर्ष धनलक्ष्मी नगर खमतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी वहां पर हो रहे झगड़े का बीच बचाव कर रहा था, तभी आरोपी प्रदीप चतुर्वेदी, नरेन्द्र एवं संतोष पांडे ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 12 फरवरी।** नेहरू नगर कोतवाली में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बंठा नायक 45 वर्ष नेहरूनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी बादल हरपाल 21 वर्ष ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गांजा परिवहन करते दो गिरफ्तार


**रायपुर, 12 फरवरी।** आमानाका पुलिस ने चंदनडीह खारून नदी के पास जूपिटर वाहन में गांजा परिवहन करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चंदनडीह खारून नदी के पास जूपिटर वाहन सवार कुंजलाल बेसरा 35 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 किलो 400 ग्राम गांजाा व नकदी 1850 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### तलवार लहराते युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 12 फरवरी।** गुढ़ियारी पुलिस ने अशोक नगर के पास तलवार लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तलवार जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अशोक नगर गुढ़ियारी में तलवार लहराते आरोपी पुरूषोत्तम दास 17 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## निधन

### राधा देवी डड़सेना



**रायपुर ।** प्रदीप डड़सेना (फ़ोटो जर्नलिस्ट)की मात राधा देवी डड़सेना का आज तारीख 12 फरवरी 2024 को निधन हो गया । वे अरविंद,सुशील,विनोद ,प्रमोद व प्रदीप डड़सेना (वरिष्ट छायाकार) की माता थी । उनका अंतिम संस्कार आज 12 फरवरी 24 को मगरलोड के ग्राम बेलरदोन में में किया गया ।

# पेंशन,एनपीएस,ओपीएस के विकल्प का मामला सदन में गूंजा

मुख्यनगर संवाददाता

**रायपुर 12 फरवरी।** आज विधानसभा में कर्मचारियों के पेंशन का मुद्दा उठा। भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सवाल पूछा कि प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एनपीएस के स्थान पर ओपीएस पेंशन योजना कब से प्रारंभ की गई है? ओपीएस पेंशन हेतु क्या प्रावधान किया गया है? कितनी राशि केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को प्राप्त होनी है ? क्या शासकीय अधिकारी/कर्मचारी संगठनों द्वारा इस योजना में प्रावधानों की कमियों को लेकर आवेदन दिया गया है? यदि हां, तो उनके प्रमुख बिन्दु क्या-क्या थे? उसे दूर करने हेतु क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?



भाजपा विधायक ने पूछा कि ओपीएस की सहमति देने वाले कर्मचारी और अधिकारियों के एनपीएस खातों में नियमित राशि प्रतिमाह जमा नहीं होने पर उनके खातों को नियमित/जीवित रखने हेतु एनपीएस में क्या प्रावधान है ? वर्तमान में की जा रही राशि की कटौती एवं पूर्व में एनपीएस योजना के तहत् काटी गई राशि के समायोजन हेतु क्या-क्या प्रयास किये गये है एवं एनपीएस की राशि कब तक प्राप्त होकर अधिकारियों/कर्मचारियों के खाते में जमा करा दी जावेगी ?

सुशांत शुक्ला के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा [illegible] से राशि मिलनी है, केंद्र सरकार से राशि बकाया नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार अपने हिस्से का 10 प्रतिशत राशि देना नहीं चाहती थी, साथ ही उनकी नजर 19 हजार 136 करोड़ की राशि पर थी। उनकी मंशा कर्मचारियों की हित से ज्यादा उन पैसों के बंदरबांट पर थी। वहीं कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश ने एनपीएस और ओपीएस स्कीम के बारे में जानकारी चाही, कि कौन सा पेंशन स्कीम ज्यादा फायदेमंद है। जवाब में ओपी चौधरी ने कहा कि ये समझना काफी मुश्किल हैं। कुछ लोगों को एनपीएस बेहतर लगता है, कुछ ओपीएस को मानते हैं। जिन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रोथ की जानकारी है, वो एनपीएस को बेहतर कहते हैं।

विधायक भावना बोहरा - ओपीएस की सहमति देने वाले कर्मचारी और अधिकारियों के एनपीएस खाते में नियमित राशि प्रतिमाह जमा नही होने पर उनके खातों को नियमित/जीवित रखने के लिए एनपीएस में क्या प्रावधान है? वर्तमान में की जा अगर राशि की कटौती और पूर्व में एनपीएस योजना के तहत काटी गई राशि समायोजन के लिए क्या प्रयास करेंगे? एनपीएस की राशि कब तक कर्मचारियों के के खाते में जमा कराई जाएगी? क्या इसकी स्थापना हो चुकी है या भविष्य में होना है?

ओपी चौधरी वित्त मंत्री - तत्कालीन सरकार ने नियम बनाया था एनपीस की राशि जमा करने के बाद ही पेंशन दी जाएगी. लेकिन अब तक पैसा जमा ना किए जाने की स्थिति में ही कर्मचारियों को अब तक पैसा नहीं दिया गया है. ओपी चौधरी वित्त मंत्री- को भारत की विकास यात्रा में बिलीव करते है वो एमपीएस में बिलीव करते है जिन लोगो को भारत की ग्रोथ स्टोरी पर बिलीव है उसके हिसाब से एनपीएस ज्यादा उचित है. इससे पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 11 मई 2022 द्वारा नवीन अंशदायी पेंशन योजना के स्थान पर दिनांक 01.11.2004 से पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया गया है। छ.ग. शासन वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 11 मई 2022 एवं अधिसूचना दिनांक 20 जनवरी 2023 द्वारा ओपीएस पेंशन हेतु प्रावधान किये गये हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार से नहीं, अपितु पीएफआरडीए से कुल राशि रूपये 19136.81 करोड़ राज्य सरकार को प्राप्त होना है।

छ.ग. अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के पत्र क्रमांक 376 दिनांक 17.02.2023 द्वारा ओपीएस/एनपीएस विकल्प चयन हेतु निर्धारित तिथि में वृद्धि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ था। तत्संबंध में वित्त निर्देश 12/2023 द्वारा विकल्प चयन की तिथि में वृद्धि करते हुए दिनांक 08 मई, 2023 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। ओपीएस की सहमति देने वाले कर्मचारी और अधिकारियों के लिये एनपीएस खाते में नियमित राशि प्रतिमाह जमा नहीं होने पर उनके खाते को नियमित/जीवित रखने के संबंध में पीएफआरडीए अधिनियम में खाते के अप्रचलित होने संबंधी प्रावधान नहीं है।

# सीजीपीएससी में पत्रकारिता विषय को शामिल करने की मांग




**रायपुर 12 फरवरी।** पत्रकारिता विषय को सीजीपीएससी सहायक प्राध्यापक की सूची में सम्मिलित करने और जनसंपर्क पदों के भर्ती परीक्षा पाठ्यक्रम में जनसंपर्क विषय को शामिल करने की मांग की गई है. ये मांग पत्रकारिता और जनसंचार संघ ने की है. इस संबंध में संघ ने उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को आवेदन भी दिया है.

आवेदनकर्ता डॉ. योगेश वैष्णव ने अपने आवेदन में विभिन्न बिंदुओ को शामिल किया है. जिसमें भर्ती और सीजीपीएससी (छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग) के पाठ्यक्रम के संबंध में चार मुख्य बिंदुओं में बात रखी गई है. आवेदन के मुताबिक छत्तीसगढ़ के कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय और संबद्ध शासकीय महाविद्यालयों में पत्रकारिता विषय का अध्यापन जारी है. लेकिन सहायक प्राध्यापक के स्थाई पद रिक्त होने से विद्यार्थी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लाभ से वंचित हैं.

आवेदन में ये भी कहा गया है कि संविदा में अधूरी योग्यता के साथ अतिथि शिक्षक नियुक्त हैं. वहीं महाविद्यालयों के जनभागीदारी समिति द्वारा संचालित होने से पाठ्यक्रम का शुल्क ज्यादा है. साथ ही विभाग की स्थापना नहीं होने से विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-प्रशिक्षण से वंचित हैं. आवेदनकर्ताओं ने जनसंपर्क विभाग में भर्ती के लिए [illegible] द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में जनसंपर्क का ही पाठ्यक्रम सम्मिलित नहीं होने की बात भी उठाई है।

# राजधानी रायपुर के साथ कई जिलों में झमाझम बारिश और ओलावृष्टि

**रायपुर, 12 फरवरी।** मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान एक बार फिर से सटीक साबित हुई और रविवार को प्रदेश की राजधानी रायपुर सहित अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। वहीं कई जिलों में जोरदार गरज-चमक के साथ तेज हवाएं और बौछारें पड़ी।

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में प्रदेश के सरगुजा संभाग में तेज बारिश होने तथा ओलावृष्टि की आशंका जताई थी। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश होने अथवा गरज-चमक के साथ जोरदार बौछारें पड़ने की संभावना जताई थी। मौसम विभाग की भविष्यवाणी सच साबित हुई और कल प्रदेश के रायपुर और बिलासपुर में तेज हवा और गरज-चमक के साथ जोरदार बारिश दर्ज की गई है। सरगुजा संभाग में भी तेज बारिश और ओला गिरने से फसलों को नुकसान हुआ है। सरगुजा, जशपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर,रायगढ़, मुंगेली, कोरबा जिले में गरज चमक के साथ बारिश रिकार्ड की गई। इसके अलावा जांजगीर-चांपा में भी शाम ढलते ही तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश दर्ज की गई है।

पेंड्रारोड में सुबह झमाझम वर्षा के साथ ओलावृष्टि हुई। सर्दी के सीजन में लोगों ने बारिश का आनंद उठाया। मौसम विभाग की भविष्यवाणी इस बार भी सटीक साबित हुई। मौसम विशेषज्ञों ने पूर्वानुमान जताया था कि 9 फरवरी के बाद प्रदेश में मौसम बदल सकता है।

### बारिश और आंधी-तूफान का अलर्ट

राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में फिर से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश और वज्रपात का यलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग का कहना है कि छत्तीसगढ़ में 11 से 14 फरवरी के दौरान 4 दिन तक मौसम खराब रहेगा. मौसम विभाग की ओर से किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. वहीं छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में ओले भी पड़ने की संभावना भी मौसम विभाग ने जताई है. मौजूदा समय में छत्तीसगढ़ के मौसम की बात करें तो मौसम विभाग ने आज मौसम शुष्क रहने के साथ कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है. प्रदेश के तापमान में अब बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है. आज कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो सकती है. इसके वजह से पारा गिर सकता है. मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश के तापमान में बदलाव हो रहा है.

# रायपुर रेंज आईजी ने देर रात ली बैठक

**रायपुर 12 फरवरी।** रायपुर पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा द्वारा सिविल लाईन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर व जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने, शहर के आउटर रिंग रोड में अनियंत्रित रूप से नशे में वाहन चलाने वाले, नो पार्किंग एरिया में पार्किंग करने वाले चालकों के उपर कार्यवाही करने, शहर के भीड़ भाड़ इलाकों बाजारों में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने निर्देशित किया गया। शहर में पुलिसिंग को सख्त करने। नशे के पदार्थो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने तथा किसी भी सूरत में किसी प्रकार का कोई भी नशे का सामान नहीं



बिकने के सख्त निर्देश दिये गये । जिले में संचालित होटल, ढाबा , बार आदि के खुलने तथा बंद होने के समय को ध्यान रखते हुए निर्धारित समय के बाद किसी भी स्थिति में नशे की कोई भी सामग्री बिकने नही देने के संबंध में निर्देशित किया गया। अवैध रूप से नशे की सामग्री का बिक्री/भण्डारण/परिवहन करने वालों पर कार्यवाही कर पूर्णतः प्रतिबंधित करने कहा गया।

विजिबल पुलिसिंग के तहत राजपत्रित अधिकारियों अपने-अपने अनुभाग एवं थाना क्षेत्रों में आमजन के मध्य उपस्थित रहने तथा संदिग्ध, सूदखोरों व असमाजिक तत्वों की चेकिंग करने कहने के साथ ही थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना घटित होने पर उस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया।

# सरेआम शराब पीते 31 गिरफ्तार

**रायपुर, 12 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 31 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने मोवा तालाब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी संदीप वर्मा 37 वर्ष, महेश वर्मा 58 वर्ष, रवि राव 49 वर्ष व स्वर्ण दीप सिंह नरोला 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी सरीफ खान 26 वर्ष व रोशन विश्वकर्मा 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी रवि यादव 36 वर्ष, विकाश भोई 35 वर्ष, येमेंद्र भोई 31 वर्ष, भोला बाग 22 वर्ष, कोणाल बाग 32 वर्ष व डमरू महानंद 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी मिश्री यादव 50 वर्ष, सागर साहू 30 वर्ष व विजय घोडसेवार 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अमरनाथ यादव 41 वर्ष, सुनील नागरे 44 वर्ष व रोहित राजपूत 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कोतवाली पुलिस ने आरोपी राजेश दुबे 65 वर्ष व रामकुमार सिन्हा 47 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्रनगर पुलिस ने आरोपी विमल संकुआ 35 वर्ष व अनुराग राजपूत 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी टुकेश्वर कुमार 43 वर्ष व लक्ष्मी प्रसाद देवांगन 42 वर्ष एवं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी आनंद शर्मा 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी उमराव यादव 42 वर्ष, दीपक दास 41 वर्ष व राकेश कुमार साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी प्रकाश साहू 40 वर्ष व रोहित साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने आरोपी मंसाराम कुर्रे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।



### बार लाइसेंस के नियमों का पालन करने के लिए बार संचालकों को निर्देश

**रायपुर 12 फरवरी।** वी आई पी रोड स्थित विभिन्न बार रेस्टोरेंट क्लब में अभियान के तहत अचानक की गई चेकिंग करवाईज.बार लाइसेंस के नियमों का पालन करने के लिए बार संचालकों को दिया गया निर्देशज्लोगों को भी संयमित व्यवहार एवं कानून का पालन करने का दिया गए निर्देश आज दिनांक को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार वीआईपी रोड छेत्र में स्थित विभिन्न बार,रेस्टोरेंट,क्लब में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर के नेतृत्व में चेकिंग कार्रवाई की गई चेकिंग कार्रवाई के तहत जुक, ऑन द रॉक, ग्रैंड इंपीरिया ,दिया कैफ़े, मोका ,मिथ्या आदि।

# राजधानी में ह्रदय रोग विशेषज्ञों ने जानी वॉल्व रिप्लेसमेंट की नई तकनीक

**रायपुर 12 फरवरी।** ह्रदय रोग की समस्या व्यापक रूप धारण कर चुकी है. युवाओं में हार्ट अटैक तो आम बात हो गई है. समय-समय पर नये उपचार एवं गाइडलाइन्स को संशोधित करना आवश्यक हो गया है. वॉल्व रिप्लेसमेंट की नयी तकनीको, लीडलेस पेसमेकर, हार्ट फेलियर उपचार की नयी दवाइयां, जन्म जात ह्रदय रोग, इत्यादि कई ऐसे विषय हैं जिन पर चर्चा एवं विचारों का आदान प्रदान हुई.

इसी से प्रेरित होकर प्रति वर्ष की तरह कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया छत्तीसगढ़ का दो दिवसीय सम्मेलन 10 एवं 11 फ़रवरी को रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित किया गया. इसमें देश एवं प्रदेश के ह्रदय रोग विशेषज्ञ शिरकत किए एवं अपने विचार रखे. इसमें कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ संजय त्यागी दिल्ली से आमंत्रित किए गए. प्रोफेसर डॉ पी सी मनोरिया जो पूर्व अध्यक्ष एवं जाने माने ख्याति प्राप्त वरिष्ठ चिकित्सक गॉड फादर फिगर हैं को भोपाल से आमंत्रित किया गया. डॉ विजया लक्ष्मी जो पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी की प्रोफ़ेसर हैं को बंगलौर से आमंत्रित किया गया है , डॉ डी एस चड्डा जो कि जटिल एंजियोप्लॉस्टी के




जाने माने विशेषज्ञ हैं को बैंगलोर से आमंत्रित किया गया है.

इसमें [illegible] के प्रदेश वर्तमान अध्यक्ष डॉ दिलीप रत्नानी , वर्तमान सचिव डॉ एम पी सामल, पूर्व अध्यक्ष डॉ जावेद अली ख़ान, पूर्व सचिव डॉ स्मित श्रीवास्तव की प्रमुख भूमिका है. डॉ आलोक राय साइंटिफिक चेयरमैन हैं. ईसीजी वर्कशॉप डॉ जावेद परवेज़, इको वर्कशॉप डॉ निखिल मोतीरामानी एवं स्नेहिल गोस्वामी द्वारा सम्पन्न हुई जिसमें प्रदेश के स्टूडेंट्स और चिकित्सक लोगो ने इन प्रक्रियाओं को क़रीब से समझा. इसमें कार्डियोलॉजी अपडेट पुस्तिका का विमोचन भी किया गया. इसमें प्रदेश के ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष मल्होत्रा, डॉ के गुरुनाथ , डॉ जयराम एयर , डॉ सुनील गौनियाल, डॉ केके आदिले, डॉ सतीश सूर्यवंशी, डॉ मनोज गुप्ता , डॉ प्रणय जैन, डॉ गौरव त्रिपाठी इत्यादि शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन डॉ आलोक राइ द्वारा किया गया. वरिष्ठ चिकित्सक डॉ पी सी मनोरिया द्वारा ह्रदय रोगों के बारे में जानकारी दी गई में प्रमुख रूल ऑफ़ 80 का विस्तार बताया गया. हैदराबाद से आए डॉ नागेश्वर राव ने दिल में विभिन्न छेद को बंद करने की प्रक्रिया पर जानकारी दी. एम्स नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ नीतीश नाइक ने एट्रियल फाइबरिलेशन को कसे रोकथाम करे उस पर रोशनी डाली.

दो दिन चले इस कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश और भारत के विभिन्न जगह के लोगो ने हिस्सा लिया और सोसाइटी और मरिज़ो की बेहतर दिल के स्वास्थ्य और रोगों की रोकथाम पर चर्चाये की. नेशनल सोसाइटी सीएसई के प्रेसिडेंट प्रोफेसर संजय त्यागी ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी. लीडलेस पेसमेकर, वाल्व रिप्लेसमेंट की नयी तकनीक और हार्ट फेलियर के उपचार के बारे में भी चर्चायें हुई।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26